नई दिल्ली
सोमवार 20 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 92
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38.0°C
न्यून. 28.0°C

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 संग्राम सिंह ने पाक फाइटर को 80 सेकेंड में किया नॉकआउट, बने एशिया चैंपियन

ALLEN

ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

पेपर बदला
तैयारी नहीं

डेट बदली
सपना नहीं

हालात बदले
हौसला नहीं

इसलिए नहीं बदला...
ALLEN Champions
का शानदार रिज़ल्ट

RESULT: NEET (UG) 2026

05 Students in Top 10 AIR

47 Students in Top 100 AIR




As per result compiled till 19 July 2026 (06:00 PM)

ADMISSIONS OPEN
NEET | JEE | OLYMPIADS | CLASSES 8TH TO 12TH & 12TH PASS
Visit our website or nearest ALLEN centre for test and course start dates.

ALLEN DELHI
95136 85900
allen.ac.in/delhi

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

ALLEN ONLINE
95137 36499
allen.in

Repeater Students can avail **Scholarship up to 90%*** based on their performance in NEET (UG) 2026.
*Subject to scholarship rules and T&Cs.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with ALLEN. All result-related claims are based on publicly available information.


ALLEN
ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
RESULT: NEET (UG) 2026
690+ स्कोर करने वाले 138 छात्रों में से 67 ALLENites
AIR 14 Sarthak Mahesh Patil Distance Learning Program
AIR 15 Krish Gupta Distance Learning Program
AIR 16 Kartik Chaudhary Classroom Course
AIR 17 Mansha Garg Classroom Course
AIR 18 Kritik Jain Classroom Course
AIR 22 Harshil Gupta Distance Learning program
AIR 26 Shaurya Patel Classroom Course
AIR 29 Ashi Goyal Classroom Course
AIR 30 Akshit Kumar Gaur Classroom Course
AIR 31 Prakhar Bansal Classroom Course
AIR 32 Arnav Lahoti Classroom Course
AIR 34 Raushmit Gupta Classroom Course
AIR 35 Sabyasachi Laskar Online Classroom Course
AIR 39 Ranveer Kumar Classroom Course
AIR 43 Hiya Jasmin Vasavada Classroom Course
AIR 44 Madhvan Mahajan Classroom Course
AIR 49 Thejas Varun Reddy Classroom Course
AIR 50 Arnav Jindal Classroom Course
AIR 51 Vanisha Satish Classroom Course
AIR 52 Gunjan Classroom Course
AIR 54 Yash Classroom Course
AIR 55 Ravi Kant Diwakar Distance Learning Program
AIR 56 Bhavika Gupta Classroom Course
AIR 57 Saumya Patel Classroom Course
AIR 58 Anushka Choudhary Classroom Course
AIR 64 Diganth B S Classroom Course
AIR 65 Kushagra Mittal Classroom Course
AIR 66 Harshul Garg Classroom Course
AIR 67 Sagar Rajesh Karkar Classroom Course
AIR 69 Johan Job Distance Learning Program
AIR 70 Samarth Saini Classroom Course
AIR 77 Saumya Badole Classroom Course
AIR 79 Divit Jain Distance Learning Program
AIR 81 Mohammad Fawwaz Classroom Course
AIR 83 Kompella S. G. Tejoarunima Online Test Series
AIR 84 Ananya Sinha Online Test Series
AIR 85 Anushri Ajay Thorat Distance Learning Program
AIR 88 Navithana B. Classroom Course
AIR 93 Premal Patel Classroom Course
AIR 94 Shreyankh J Classroom Course
AIR 96 Aditya Benarjee Classroom Course
AIR 97 Vinayak Garg Classroom Course
AIR 101 Shukla Dhyan Anand Classroom Course
AIR 102 Nabhya Mohan Mehta Online Test Series
AIR 104 Ekagra Yadav Distance Learning Program
AIR 107 Arima Jha Online Test Series
AIR 108 Priyanshu Lamba Classroom Course
AIR 109 Sampreeth J Classroom Course
AIR 111 Himanshu Kumar Classroom Course
AIR 113 Rajdeep Gupta Classroom Course
AIR 114 Mihir N. Patel Distance Learning Program
AIR 117 Shiprak Goyal Classroom Course
AIR 119 Amir F. Varawalla Classroom Course
AIR 120 Sarthak Pethkar Classroom Course
AIR 123 Devesh S. Agrawal Distance Learning Program
AIR 128 Aakarsh Gupta Classroom Course
AIR 129 Mayank Kumar Singh Classroom Course
AIR 132 Arsh Chauhan Classroom Course
AIR 133 Shubh Prasad Classroom Course
AIR 135 Yash Classroom Course
AIR 136 Charvi Agrawal Classroom Course
AIR 137 Gopal Vijay Patil Classroom Course
As per result compiled till 19 July 2026 (06:00 PM)
ALLEN DELHI NCR Champions
AIR 2 DELHI NCR TOPPER Panshul Bansal Classroom Course
AIR 49 Thejas Varun Reddy Classroom Course
AIR 65 Kushagra Mittal Classroom Course
AIR 96 Aditya Banerjee Classroom Course
AIR 140 Jai Vardhan Jha Classroom Course
AIR 186 Seher Arora Classroom Course
AIR 367 Sarthak Malik Classroom Course
AIR 390 Kavya Yadav Classroom Course
AIR 445 Eshan Garg Classroom Course
and result trail continues...
They made it happen with ALLEN. Now it's your turn.
Make your NEET (UG) 2027 preparation stronger with ALLEN's Computer-Based Test (CBT) expertise.
Your NEET Dream Deserves A Stronger Second Shot
ACHIEVER PLUS
Come back stronger and transform your score into a winning rank
Batch starting from*: 27th July 2026
Target : NEET (UG) 2027
Premium preparation at only ₹ 99,000 + GST
*Batches available at selected centre only.
ADMISSIONS OPEN
NEET | JEE | OLYMPIADS | CLASSES 8TH TO 12TH & 12TH PASS
Visit our website or nearest ALLEN centre for test and course start dates.
Repeater Students can avail Scholarship up to 90%* based on their performance in NEET (UG) 2026.
TALLENTEX
ALLEN's Talent Encouragement Exam 2027
REGISTER NOW ₹300 ₹150
OFFER VALID TILL 22 JULY
SCHOLARSHIP* UP TO 90%
CASH REWARDS WORTH ₹2.5 CRORE*
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
ALLEN Delhi
95136 85900
allen.in/delhi
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with ALLEN. All result-related claims are based on publicly available information.

नई दिल्ली, सोमवार 20 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी ■ वर्ष : 30, अंक : 92 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 38 न्यून. 28 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




राजौरी में रातभर हुई बारिश के बाद आई बाढ़ में वाहन इस तरह बह गए

## पुंछ-राजोरी में बाढ़ और भूस्खलन से 11 की मौत

# श्री अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित

अमरनाथ यात्रियों को बालटाल बेस कैंप में ठहराया

एजेंसी ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में लगातार खराब मौसम और भारी बारिश के चलते अमरनाथ तथा वैष्णो देवी यात्राओं को ऐहतियातन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। पुंछ और राजोरी जिलों में मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य के लापता होने की सूचना है। प्रशासन, पुलिस, सेना और राहत-बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार अभियान चला रहे हैं। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बातचीत कर हालात की जानकारी ली और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। वहीं, प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अगले आदेश तक बालटाल बेस कैंप और आसपास के लंगरों में ही ठहरने की अपील की है। 19 जुलाई से बालटाल और पहलगाम (नूनवान/चंदनवाड़ी) मार्गों से यात्रियों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस वर्ष अब तक 3.76 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

पहाड़ी राज्यों में तेज आंधी के साथ होगी बारिश

## दिल्ली, यूपी, बिहार में आज भारी बारिश का अलर्ट

बारिश को देखते हुए सतर्क रहने को कहा है

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आज 20 जुलाई को दिल्ली, यूपी, बिहार समेत 22 राज्यों के लिए बारिश-आंधी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 75 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से तेज हवा के झोंके चलेंगे। इस दौरान पूर्वी भारत के राज्यों के लोगों के लिए खास चेतावनी जारी की गई है। आकाशीय बिजली और वज्रपात अपना कहर बरपा सकता है। इसलिए किसानों को खुले खेत में जाने से परहेज करना होगा। फसलों के नुकसान की होने की भी आशंका है। वहीं, पहाड़ी राज्यों में बारिश-आंधी का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है। ऐसे में प्रशासन ने रेस्क्यू के लिए और आपात स्थिति से निपटने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

जापान ओपन में पीवी सिंधु ने रचा इतिहास

## यामागुची को हराकर खिताब जीतने वाली पहली भारतीय

2024 के बाद सिंधु का यह पहला इंटरनेशनल टाइटल



एजेंसी ▸▸ टोक्यो

भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने रविवार को इतिहास रच दिया है। वे जापान ओपन (सुपर 750 टूर्नामेंट) का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। खिताबी मुकाबले में 31 वर्षीय सिंधु ने रणनीतिक अनुशासन और आक्रामक बैडमिंटन का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी और तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची को सीधे गेमों में 21-17, 21-17 से शिकस्त ▸▸ शेष पेज 8 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

### आधार एप ने पार किया 4 करोड़ डाउनलोड्स का आंकड़ा



**नई दिल्ली।** डिजिटल इंडिया के दौर में सरकार के आधिकारिक आधार एप ने 4 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। आईटी मंत्रालय के मुताबिक, यह ऐप अब आधार से जुड़ी सेवाओं का वन-स्टॉप अड्डा बन चुका है, जिससे लोगों को आधार सेंटर की लंबी लाइनों से मुक्ति मिल गई है। इस एप के जरिए अब तक 11.65 लाख से ज्यादा लोग ले चुके हैं।

### एपल ने फिर हासिल किया नंबर-1 का ताज



**नई दिल्ली।** दिग्गज टेक कंपनी एपल ने एक बार फिर दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनने का गौरव हासिल कर लिया है। मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में एपल ने एनवीडिया को पीछे छोड़ दिया है। अप्रैल 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एपल ने दोबारा इस शीर्ष मुकाम पर कब्जा किया है।

### रिंकू बोले- काम पूरा नहीं तो आधी तनख्वाह दीजिए



**लखनऊ।** उप्र के आईएएस रिंकू सिंह राही ने सरकार को पत्र लिखा है। एसडीएम के पद पर तैनात राही ने कामकाज के तरीकों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को लिखा कि मौजूदा पद पर उन्हें दिनभर में केवल चार घंटे ही काम मिलता है। उन्होंने मांग की है कि क्षमता से काम नहीं कर पा रहे हैं, तो सरकार उन्हें आधी सैलरी दे।

फ्लोर लीडर्स की सर्वदलीय बैठक से विपक्ष ने किया वॉकआउट

# बागी सांसदों को लेकर स्पीकर के फैसले पर जता दिया विरोध

शिवसेना के छह और टीएमसी के 20 बागी सांसदों के लिए अलग सीट व्यवस्था तय की थी

*महुआ मोइत्राः 20 बागी सांसदों को किस आधार पर निमंत्रण भेजा और वे इस बैठक में कैसे शामिल हो रहे हैं?*

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पार्टियों ने विरोध स्वरूप बैठक का बहिष्कार करने का सामूहिक फैसला लिया

शिवसेना (यूटीबी) ने पूछाः बागी सांसदों को जो मान्यता दी गई है, कानून की किताबों में ऐसा कौन सा प्रावधान है?

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

मानसून सत्र से पहले रविवार को आयोजित फ्लोर लीडर्स की सर्वदलीय बैठक से विपक्ष ने वॉकआउट किया कर दिया। लोकसभा स्पीकर द्वारा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और शिवसेना (यूटीबी) के बागी सांसदों को बैठक में आमंत्रित करने के विरोध में वॉकआउट किया। स्पीकर ने शिवसेना के छह सांसदों के विलय को मंजूरी दी और टीएमसी के 20 बागी सांसदों के लिए अलग सीट व्यवस्था तय की थी, जिसे विपक्षी दलों ने दलबदल कानून का उल्लंघन बताया।

विपक्ष की राय बताते हुए कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पार्टियों ने विरोध स्वरूप बैठक का बहिष्कार करने का सामूहिक फ़ैसला किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने टीएमसी और शिवसेना (यूटीबी) के बागी सांसदों के बारे में स्पीकर के फ़ैसले के विरोध में सर्वदलीय बैठक से वॉकआउट करने का फ़ैसला किया। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि आज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, वामपंथी पार्टियां और शिवसेना (यूटीबी) समेत पूरे विपक्ष ने सर्वदलीय बैठक से विरोध स्वरूप वॉकआउट किया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि तथाकथित एनसीपीआई (जो एक गैर-मान्यता प्राप्त पार्टी है) के सदस्यों को मिलाकर, टेबल ऑफिस द्वारा दी गई सूची में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की सदस्य संख्या 28 दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि इन तथाकथित बागी 20 सांसदों के विलय को स्पीकर ने मंजूरी नहीं दी है। उनकी सदस्यता रद्द करने से जुड़ी 20 याचिकाएं अभी भी लंबित हैं। 91वें संविधान संशोधन के बाद अलग गुट (ब्लॉक) बनाने की कोई गुंजाइश नहीं है। ऐसे में संसदीय कार्य मंत्री ने इन 20 बागी सांसदों को किस आधार पर निमंत्रण भेजा और वे इस बैठक में कैसे शामिल हो रहे हैं? हमने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और विरोध स्वरूप बैठक से बाहर आ गए। हम अपनी सभी विपक्षी पार्टियों का धन्यवाद करते हैं। शिवसेना (यूटीबी) के सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि उन्हें (बागी सांसदों को) जो मान्यता दी गई है, कानून की किताबों में ऐसा कौन सा प्रावधान है? हमने भी इसका ▸▸ शेष पेज 8 पर

## सदन की कार्यवाही को सुचारू और व्यवस्थित तरीके से चलाने में अपना पूरा सहयोग दें सभी दलः बिरला



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

*लोकसभा स्पीकर ने संसद के मॉनसून सेशन से पहले बिज़नेस एडवाइज़री कमेटी की मीटिंग की*

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सभी पार्टियों से अपील की कि वे मानसून सत्र के दौरान वे कार्यवाही को सुचारू और व्यवस्थित तरीके से चलाने में अपना पूरा सहयोग दें ताकि लोगों से जुड़े मुद्दों पर पूरी और फायदेमंद तरीके से चर्चा हो सके। बिरला ने यह बात रविवार को लोकसभा की बिज़नेस एडवाइज़री कमेटी (बीएसी) की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए कही। यह मीटिंग सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सेशन की तैयारी के लिए हुई। इस मीटिंग में, लोकसभा स्पीकर ने लोकसभा में सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को जनहित के मुद्दों पर अपने विचार रखने के लिए बुलाया। मीटिंग के दौरान, सरकार और अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के सदस्यों ने सेशन के दौरान उठाए जाने वाले कानूनी और दूसरे कामों पर अपने विचार शेयर किए। सूत्रों के अनुसार सदस्यों ने सेशन के दौरान चर्चा के लिए सार्वजनिक महत्व और राष्ट्रीय चिंता के कई मामलों का भी सुझाव दिया। स्पीकर ने कंस्ट्रक्टिव बातचीत, उपयोगी भागीदारी ▸▸ शेष पेज 8 पर

केंद्रीय संसदीय मंत्री ने विपक्षी दलों से संसदीय कार्यवाही में बाधा न डालने का आग्रह किया

## विपक्ष का वॉकआउट सिर्फ 'सांकेतिक' था, सरकार चाहती है संसद में सार्थक चर्चाः रिजिजू

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सर्वदलीय बैठक से विपक्ष के वॉकआउट को 'सांकेतिक' करार दिया, न कि बहिष्कार, और आगामी मानसून सत्र में सार्थक चर्चा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार विधेयकों पर गहन बहस चाहती है ताकि उन पर बिना चर्चा के पारित होने के आरोप न लगें, साथ ही छोटी पार्टियों को पर्याप्त बोलने का समय देने का आश्वासन भी दिया।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक के दौरान विपक्ष का वॉकआउट सांकेतिक था और इसे बहिष्कार नहीं माना जाना चाहिए। यह बैठक संसद के मॉनसून सत्र से पहले हुई, जो 20 जुलाई से शुरू होने वाला है। रिजिजू ने पत्रकारों से कहा कि इसे पूरे दिन की कार्यवाही के बहिष्कार के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए, यह सांकेतिक था। बैठक में तब बाधा आई जब विपक्ष के नेताओं ने हाल की राजनीतिक घटनाओं के विरोध में वॉकआउट किया। इन घटनाओं में 20 तृणमूल कांग्रेस सांसद और नेशनलिस्ट सिटिज़न्स पार्टी ऑफ़ इंडिया (एनसीपीआई) के साथ-साथ शिवसेना यूटीबी के छह सांसद शामिल थे, जो शिवसेना में शामिल हो गए थे।

उन्होंने आगे कहा कि दलों की संख्यात्मक शक्ति पर चर्चा की गई और इस बात पर जोर देते हुए कहा कि हम राजनीतिक दलों की संख्यात्मक शक्ति के आधार पर मामलों पर चर्चा करते हैं, लेकिन हम निश्चित रूप से किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं कर सकते। बैठक के बाद, रिजिजू ने विपक्षी दलों से संसदीय कार्यवाही में बाधा न डालने का आग्रह किया और इस बात पर बल दिया कि सरकार विधेयकों पर गहन बहस चाहती है। उन्होंने जल्दबाजी में या अराजकता के बीच विधेयकों को पारित करने के आरोपों के खिलाफ चेतावनी दी।

छोटी पार्टियों की चिंताओं पर बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि छोटी पार्टियों के सदस्यों ने मांग की है कि उन्हें बोलने के लिए ज़्यादा समय दिया जाए। इस पर हमने कहा है कि अगर संसद का सत्र ठीक से चलता है, तो सभी को बोलने का मौका मिलेगा। अगर कामकाज में रुकावट आती है, तो बोलने का मौका हाथ से निकल जाएगा। साथ ही, बाद में सरकार पर यह आरोप नहीं लगाया जाना चाहिए कि बिलों को बिना ज़्यादा चर्चा के या हंगामे के बीच पास कर दिया गया। भारत सरकार पर ▸▸ शेष पेज 8 पर

रायपुर का जालसाज दिल्ली से गिरफ्तार

## गोयनका पर 1000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप



विधायक संजय पाठक परिवार की कई कंपनियों पर अवैध रूप से नियंत्रण हासिल किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/कोलकाता

धोखाधड़ी और जालसाजी के मास्टरमाइंड रायपुर निवासी महेंद्र गोयनका को कोलकाता पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। गोयनका पर कटनी निवासी और विधायक संजय पाठक के पारिवारिक स्वामित्व वाली कंपनियों से लगभग 1,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप है। गोयनका ने फर्जी हस्ताक्षरों के सहारे पाठक परिवार की कई कंपनियों पर अवैध रूप से नियंत्रण हासिल कर लिया था। इस संबंध में कोलकाता में आईपीसी की धारा 420, 120बी, 467, 468 और 471 के ▸▸ शेष पेज 8 पर

## रेस्तरां में जबरन सर्विस चार्ज पर 41 रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई

आपके साथ ऐसा हो तो शिकायत करें 1915 पर

हर शिकायत पर है केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी की नजर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रेस्तरां में ग्राहकों से उनकी सहमति के बिना बिल में सर्विस चार्ज जोड़ने की बढ़ती शिकायतों पर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए देशभर के 41 रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन करने वाले रेस्तरां पर जुर्माना लगाया गया है, उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है तथा उन्हें बिल में स्वतः सर्विस चार्ज जोड़ने की प्रथा तत्काल बंद करने के ▸▸ शेष पेज 8 पर

दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## वांगचुक को दूसरे अस्पताल शिफ्ट करने की मांग खारिज

कोर्ट ने माना अस्पताल में भर्ती कराने का सरकार का फैसला सही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को किसी प्राइवेट अस्पताल में शिफ्ट करने की उनकी पत्नी की मांग को फिलहाल खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि वांगचुक के स्वास्थ्य को देखते हुए सरकार द्वारा उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराने का फैसला बिल्कुल भी मनमाना नहीं था। जस्टिस मिनी पुष्करणा ने सुनवाई के दौरान कहा कि सफदरजंग के डॉक्टर वांगचुक की सेहत पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उनके साथ कोई जबरदस्ती नहीं की जा रही है। कोर्ट ने माना कि बिगड़ती हालत के बावजूद वांगचुक खुद अस्पताल में भर्ती नहीं हो रहे थे, इसलिए सरकार को हस्तक्षेप करने का पूरा अधिकार था। सुनवाई के दौरान वांगचुक की पत्नी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि वांगचुक हिरासत में नहीं हैं, इसलिए उन्हें मेदांता अस्पताल में अपनी पसंद का इलाज कराने की अनुमति मिलनी चाहिए। दूसरी तरफ, केंद्र सरकार के एएसजी चेतन शर्मा ने कहा कि एम्स और सफदरजंग के डॉक्टरों की टीम वांगचुक की पूरी देखभाल ▸▸ शेष पेज 8 पर

## नॉन कम्युनिकेबल डिसीज़ सबसे बड़ी चुनौती, इसके खिलाफ जनांदोलन की जरूरत : डॉ. जितेंद्र सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि गैर-संचारी रोग (नॉन कम्युनिकेबल डिसीज़) आज देश के सामने सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन चुके हैं। उन्होंने इन बीमारियों के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने और इसे जनआंदोलन का रूप देने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. जितेंद्र सिंह नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कैंसर से जंग जीत चुके वैज्ञानिक और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अखिलेश गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक ' अनब्रोकनः माय बैटल विद कैंसर एंड द विल टू लीडर' के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक के लेखक की संघर्ष यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक केवल कैंसर से लड़ाई की कहानी नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति, सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता का प्रेरणादायक दस्तावेज है।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में अब सबसे बड़ी चुनौती केवल स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की कमी नहीं है, बल्कि भ्रामक स्वास्थ्य जानकारी का तेजी से फैलना भी गंभीर चिंता का विषय है। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से फैलने वाली अप्रमाणित चिकित्सा सलाह लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वास्थ्य संबंधी निर्णय केवल वैज्ञानिक प्रमाणों और योग्य चिकित्सकों की सलाह के आधार पर ही लें। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत का वैज्ञानिक और अनुसंधान तंत्र लगातार ऐसी स्वास्थ्य तकनीकों और उपचार पद्धतियों का विकास कर रहा है जो भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप ▸▸ शेष पेज 8 पर

मप्र में लागू होगा सभी धर्मों के लिए एक समान पर्सनल कानून

जगदीशपुर कैबिनेट

# कैबिनेट से यूसीसी का अनुमोदन, इसे लागू करने वाला मप्र चौथा राज्य होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र में सभी धर्मों के लिए एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को रविवार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसे सोमवार को विधानसभा में पारित करने के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता का एक ऐतिहासिक ड्राफ्ट तैयार किया है। अभी तक तीन राज्यों उत्तराखंड, गुजरात व असम में यूसीसी कानून लागू है। इस तरह से मप्र चौथा राज्य बनने जा रहा है, जहां सभी धर्मों, वर्गों के लिए एक समान पर्सनल कानून ▸▸ शेष पेज 8 पर



*विधानसभा में यूसीसी विधेयक आज होगा पेश, चर्चा के बाद हो सकेगा पारित*

*कैबिनेट की बैठक में कुल 14 विधेयकों को मिली मंजूरी*

### जनजातीय समाज पर लागू नहीं होगा यूसीसी कानून

इस कानून का एक बड़ी विशेषता यह है कि यह कानून जनजातीय समाज पर लागू नहीं होगा। हालांकि, जनजातीय समाज में इसे लेकर विरोधाभास है। कुछ लोग यूसीसी के दायरे में रखने की बात करते हैं, जबकि कुछ ऐसा नहीं मानते। एक पक्ष का कहना है कि विवाह का रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनुसूचित जनजातियों को संवैधानिक सुरक्षा कवच का ▸▸ शेष पेज 8 पर

### विवाह और तलाक से जुड़े बड़े सुधार किए गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने के बाद एक व्यक्ति एक ही विवाह कर सकेगा। विवाहेत्तर संबंध पूरी तरह से निषेध होगा। उन्होंने बताया कि यह कोड सभी समुदायों में केवल एक ही शादी (मोनोगैमी) को अनिवार्य बनाता है। विवाह के लिए पुरुषों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और महिलाओं की 18 वर्ष तय की गई है। अमान्य सहमति और प्रतिबंधित रिश्तों (जब तक परंपरा की अनुमति न हो) के बीच विवाह पर रोक लगाई गई है। मौखिक तलाक या ▸▸ शेष पेज 8 पर

**खबर संक्षेप**

### व्यापारी से 22 लाख के रत्न चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की देशबंधु गुप्ता रोड पुलिस ने एक व्यापारी का करीब 22 लाख रुपये मूल्य के रत्नों से भरा बैग चोरी करने का मामला पुलिस ने खोल दिया है। इस मामले में ई-रिक्शा चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ई-रिक्शा चालक का नाम विक्की सोलंकी बताया गया है जबकि दूसरे आरोपी का नाम 26 वर्षीय अनीता उर्फ अन्नू है। इनकी निशानदेही पर पुलिस द्वारा करीब 90 प्रतिशत रत्न बरामद किये गये हैं। पुलिस के अनुसार चोरी का यह मामला 15 जुलाई को रानी झांसी रोड के पास सामने आया था। जयपुर के एक रत्न कारोबारी ने अपनी शिकायत में बताया था कि करोल बाग से दरियागंज जाते समय ई-रिक्शा में यात्रा के दौरान उनका बैग चोरी हो गया। बैग में कीमती रत्नों की नौ थैलियां थी। इस संबंध में डीबीजी रोड थाने में केस दर्ज किया गया। जांच टीम ने पूरे रूट के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और बाद में आरोपियों की पहचान कर उन्हें धौला कुआं के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया और चोरी किए गए रत्नों को छिपाने की जगह भी बता दी। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल रिक्शा भी जब्त किया है। बाकी रत्नों की बरामदगी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### छत से गिरे दम्पति, पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके में चार मंजिला एक मकान की छत पर सोने गए एक दंपति के नीचे गिर जाने से पति की मौत हो गई और उनकी पत्नी की हालत गंभीर है। परिवार के सदस्यों ने दोनों के गिरने से ठीक पहले छत पर उनके बीच बहस होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृत व्यक्ति की पहचान वरुण शर्मा के रूप में हुई है, जबकि उनकी पत्नी गीता (29) जीटीबी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दंपति पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ओल्ड सीलमपुर की नानक बस्ती में अपने परिवार के साथ रहता था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दंपति ने रात करीब नौ बजे परिवार के साथ खाना खाया और फिर घर की छत पर सोने चले गए थे। पुलिस ने बताया, ₹रात करीब 10 बजे परिवार के सदस्यों ने छत पर दंपति के बीच बहस होने की आवाज सुनी, जिसके तुरंत बाद किसी के नीचे गिरने की तेज आवाज आई।₹ जब रिश्तेदार भागकर बाहर आए, तो उन्होंने वरुण और गीता दोनों को नीचे गली में घायल हालत में पड़ा पाया। पुलिस के मुताबिक, दंपति को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने वरुण को मृत घोषित कर दिया, जबकि गीता को जीटीबी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि बहस के दौरान दंपति दुर्घटनावश नीचे गिर गए या दोनों ने एक-दूसरे को धक्का दिया था।

### निर्माणाधीन इमारत से महिला पर गिरी मशीन, मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के बेगमपुर इलाके में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत में कंक्रीट की भारी सिल्लियां उठाने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक मशीन 45 वर्षीय महिला पर गिर गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका का नाम मंजू बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब महिला दूध खरीदने घर से बाहर निकली थी। वह निर्माण स्थल के पास से गुजर रही थीं कि तभी अचानक यह भारी मशीन उनके ऊपर गिर गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने इस दुर्घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि इमारत के मालिक ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम किए होते तो इस हादसे को टाला जा सकता था। लोगों के मुताबिक वहां न तो कोई घेराबंदी की गई थी, न ही राहगीरों की सुरक्षा के लिए कोई चेतावनी बोर्ड या सुरक्षात्मक ढांचा तैयार किया गया था।

## शिक्षा मंत्री ने बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

# दिल्ली सरकार ने जनकपुरी के एक निजी स्कूल को जारी किया कारण बताओ नोटिस : सूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने जनकपुरी स्थित एक निजी स्कूल के प्रबंधन को बच्चों की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही, अवैध शाखा संचालन तथा बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस बात की जानकारी शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दी है। सूद ने बताया कि शिक्षा निदेशालय को स्कूल के प्रबंधन ट्रस्ट और उसके पदाधिकारियों के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल को अपना पक्ष रखने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने पर प्रस्तावित कठोर कार्रवाई तत्काल शुरू की जाएगी। सूद ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और गरिमा से किसी भी प्रकार का समझौता दिल्ली सरकार को स्वीकार नहीं है। स्कूल विद्यालय माता-पिता की जगह प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा के लिए कानूनी और नैतिक रूप से उत्तरदायी होता है। यदि कोई संस्था बाल यौन उत्पीड़न जैसी गंभीर घटना को छिपाती है, आवासीय भवन के बेसमेंट में अवैध रूप से शाखा चलाती है और स्कूल के धन का दुरुपयोग करती है, तो सरकार मूकदर्शक नहीं रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर स्कूल का प्रबंधन अपने अधीन लेने तथा उसकी भूमि की लीज रद्द कराने की भी कार्रवाई की जाएगी।

### निरीक्षण के दौरान सामने आए प्रमुख उल्लंघन

शिक्षा निदेशालय की विभिन्न समितियों द्वारा की गई विस्तृत जांच में विद्यालय में प्रशासनिक, वित्तीय और बाल सुरक्षा संबंधी गंभीर कमियां सामने आईं। वहीं बाल यौन उत्पीड़न की घटना छिपाई गई। 30 अप्रैल 2026 को प्री-प्राइमरी शाखा में नर्सरी की एक छात्रा के साथ कथित यौन उत्पीड़न की घटना हुई, जिसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन ने अनिवार्य प्रावधानों के बावजूद शिक्षा निदेशालय को नहीं दी। वहीं पुलिस जांच के दौरान प्री-प्राइमरी परिसर में लगे सभी 64 सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए। विद्यालय ने जानबूझकर उनके रखरखाव का अनुबंध नहीं कराया था। वहीं विद्यालय बिना किसी स्वीकृति के नारंग कॉलोनी स्थित एक निजी आवासीय भवन से नर्सरी और केजी की कक्षाएं संचालित कर रहा था। भवन के बेसमेंट का उपयोग छोटे बच्चों की गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। वहीं विद्यालय में न तो चाइल्ड प्रोटेक्शन पॉलिसी थी, न चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी और न ही पॉक्सो प्रशिक्षित नोडल अधिकारी नियुक्त था। सुरक्षा कर्मियों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन भी नहीं कराया गया था। वहीं पेयजल की गंभीर कमी के कारण अभिभावकों को बच्चों के साथ प्रतिदिन दो से तीन पानी की बोतलें भेजनी पड़ रही थीं। विद्यालय का अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र वर्ष 2020 में ही समाप्त हो चुका था, जिसे आज तक नवीनीकृत नहीं कराया गया।

### स्कूल में पाई गईं वित्तीय अनियमितताएं

कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभ के लिए निर्धारित लगभग छह करोड़ रुपये दूसरी शाखा को तथाकथित लोन सेटलमेंट के नाम पर स्थानांतरित कर दिए गए। विद्यालय निधि से प्रबंधक एवं ट्रस्टियों को अनधिकृत प्रोफेशनल फीस का भुगतान भी किया गया। वहीं कर्मचारियों को शोषण किया जा रहा था। शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन में चार-चार माह तक की देरी की गई तथा पुराने वेतनमान के अनुसार भुगतान किया गया। दूसरी ओर विद्यालय ने 2025-26 सत्र में उच्च न्यायालय के निर्देशों के विपरीत 15 प्रतिशत शुल्क वृद्धि कर दी।

### कार्रवाई के तहत स्कूल का अधिग्रहण भी कर सकती है सरकार

गंभीर एवं निरंतर उल्लंघनों को देखते हुए शिक्षा निदेशालय ने विद्यालय प्रबंधन से पूछा है कि उसके विरुद्ध निम्नलिखित कार्रवाई क्यों न की जाए जैसे दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम, 1973 की धारा 20(1) के अंतर्गत विद्यालय का प्रबंधन तत्काल दिल्ली सरकार द्वारा अपने अधीन लिया जाए। वहीं रियायती दर पर आवंटित भूमि की लीज तत्काल निरस्त करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को। अनुशंसा भेजी जाए। वहीं शिक्षा निदेशालय ने पूछा कि बाल सुरक्षा में गंभीर लापरवाही और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम तथा किशोर न्याय (जेजे) अधिनियम के तहत कठोर आपराधिक कार्रवाई की संस्तुति की जाए।

## कैफे मालिक से मांगी पांच करोड़ की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

पंजाबी बाग स्थित एक कैफे मालिक से गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के नाम पर पांच करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित कैफे मालिक की तरफ से पुलिस को लिखित शिकायत दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पंजाबी बाग क्लब रोड पर पिछले दो सालों से ब्रीथ नामक कैफे व बार चलाने वाले राजकुमार वालिया (41) ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे वह कैफे में मौजूद थे। उसी दौरान उनके मोबाइल पर विदेशी नंबर से एक वॉयस नोट आया। नोट भेजने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ बताया। उसने कहा कि मै तुम्हारे बारे में सब जानता हूं। कैफे तो सिर्फ दिखावा है तुम्हारा असली धंधा कुछ और है। पांच करोड़ की डिमांड की गई। धमकी दी गई कि पैसे नहीं दिये तो उसकी या परिवार के किसी सदस्य की हत्या कर दी जाएगी। रविवार को फिर दो बार विदेशी नंबरों से कॉल आई। कॉलर ने खुद को गोल्डी बराड़ का छोटा भाई मनीष खरखौदा बताया। दिल्ली पुलिस ने शिकायत की जांच व कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दक्षिणी दिल्ली के गोदाम में लगी आग, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में रविवार सुबह एक गोदाम में आग लग गयी। गोदाम में इवेंट मैनेजमेंट से संबंधित सामान रखा हुआ था। आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार को सुबह छह बजकर 43 मिनट पर स्वरूप कॉलोनी स्थित गोदाम में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल की 11 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि कूलिंग का कार्य दोपहर तक चलता रहा।

## अवैध संबंध के शक में कैंची घोंपकर पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली



सीलमपुर इलाके में अवैध संबंधों के शक में एक शख्स ने अपनी 45 वर्षीय पत्नी की कैंची घोंपकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी सलीम फरार हो गया था जिसे उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद रेलवे स्टेशन इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई की शाम करीब 7:32 बजे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर स्थित गौतमपुरी में यह वारदात सामने आई थी। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची तो वहां महिला खून से लथपथ हालत में बेसुध पड़ी मिली। महिला को तुरंत जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीलमपुर थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पता चला कि महिला का 52 वर्षीय पति सलीम घटना के बाद से ही लापता है। इससे वह मामले का मुख्य संदिग्ध बन गया था। पुलिस ने शनिवार को सलीम को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के पास से ढूंढ निकाला और गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसे अपनी पत्नी पर कपड़ा कारखाने में साथ काम करने वाले एक पूर्व सहकर्मी के साथ अवैध संबंध होने का शक था, जिसे लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। घटना वाले दिन भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच एक बार फिर बहस हुई थी। इसके बाद गुस्से में आकर आरोपी ने कैंची से पत्नी पर हमला किया और घर को ताला लगाकर फरार हो गया था। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई कैंची और खून से सने कपड़े बरामद कर लिए हैं।

## सेक्सटॉर्शन रैकेट के जरिए 5.8 लाख की ठगी में शामिल तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने गंगा विहार इलाके में सेक्स्टॉर्शन के जरिए एक व्यक्ति से 5.80 लाख रुपये ठगने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम राजेश (18), कुणाल (22) और इमरान (23) बताये गये हैं। सभी फरीदाबाद के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता का आरोप था कि ऑनलाइन डरा धमकाकर उससे रकम हड़पी गई। दरअसल छह मई को शिकायकर्ता को एक महिला की वीडियो कॉल आई, जो उसके सोशल मीडिया दोस्तों में से एक होने का नाटक कर रही थी। कॉल के दौरान महिला निर्वस्त्र हो गई थी। बाद में उसी रिकॉर्ड वीडियो के जरिये पीड़ित के पास पुलिस अफसर, सोशल मीडिया अधिकारी और सरकारी अधिकारी बनकर लोगों ने संपर्क किया और धमकी दी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वे वीडियो सार्वजनिक कर देंगे और उसे आपराधिक मामलों में फंसा देंगे। पुलिस ने बताया गिरफ्तारी और सार्वजनिक रूप से बेइज्जती के डर से शिकायतकर्ता ने अलग अलग खातों, यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड के जरिए कई किश्तों में लगभग 5.80 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिये। जांच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी से ठगी गई रकम का कुछ हिस्सा म्यूल बैंक खातों में होने का पता किया और शनिवार को फरीदाबाद के रहने वाले तीन लोगों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इमरान से वह मोबाइल फोन भी बरामद किया, जिसका इस्तेमाल अपराध में किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने राजस्थान के मेवात इलाके से चल रहे एक सेक्सटॉर्शन रैकेट की मिलीभगत का खुलासा किया।

## बाल यौन शोषण सामग्री डाउनलोड व शेयर करने वाले 10 अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



मध्य जिले के अलग अलग थानों की पुलिस ने बाल यौन शोषण सामग्री के ऑनलाइन प्रसारण, डाउनलोड, संग्रह और प्रसार के खिलाफ अभियान चलाकर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पिछले पांच दिनों के दौरान अंतरराष्ट्रीय साइबर 'टिपलाइन' से मिली सूचनाओं और तकनीकी विश्लेषण में बाल यौन शोषण सामग्री से जुड़ी कथित ऑनलाइन गतिविधियों के संकेत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई।

डीसीपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार अंतरराष्ट्रीय साइबर टिपलाइन ऐसी व्यवस्था है जिसके जरिए इंटरनेट पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी संदिग्ध सामग्री या गतिविधियों की जानकारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों तक पहुंचाई जाती है। इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और डिजिटल जांच के आधार पर पुलिस ने एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की, जिसके बाद आईपी एस्टेट, पहाड़गंज, जामा मस्जिद, कमला मार्केट, पटेल नगर और चांदनी महल समेत विभिन्न थानों में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने वाले (पॉक्सो) एक्ट और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत 10 एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाल यौन शोषण सामग्री को ऑनलाइन अपलोड करने और प्रसारित करने में शामिल थे। पुलिस ने जांच जारी रहने तक आरोपियों की पहचान उजागर नहीं की है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किए गए, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर इस अपराध में किया गया था। पुलिस के मुताबिक, इन उपकरणों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। जांचकर्ता जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और अन्य डिजिटल सुरागों का विश्लेषण कर रहे हैं, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की पहचान की जा सके। पुलिस ने बताया कि जांच आगे बढ़ने के साथ इस मामले में और गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

### भीड़ ने चाकू से हमला कर युवक को उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी जिले के जहांगीरपुरी इलाके में शनिवार रात को भीड़ ने चाकू से हमला कर 20 वर्षीय एक युवक की हत्या कर दी। मृतक का नाम इरफान बताया गया है। युवक को बचाने की कोशिश के दौरान दो हेड कांस्टेबल भी घायल हो गए। मामले में तीन नाबालिगों और एक वयस्क को पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब आठ बजे जहांगीरपुरी के बी. ब्लॉक काली माता मंदिर के पास पुलिसकर्मी पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान हेड कांस्टेबल कृष्ण और सोहन लाल ने कुछ लोगों को एक शख्स की पिटाई करते हुए देखा और उसे बचाने के लिए तुरंत वहां पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने शख्स को भीड़ से बाहर निकाल लिया और उसे सुरक्षित जगह ले जाने की कोशिश करने लगे। लेकिन आरोप है कि हमलावरों ने पुलिसकर्मियों का पीछा किया। दोनों पुलिसकर्मियों की भी पिटाई की और फिर इरफान नामक युवक पर दोबारा चाकू से हमला किया। इस हमले में दोनों पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई है। हमले में घायल इरफान को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस हमले के मामले में तीन नाबालिगों और एक वयस्क को पकड़ा गया है। हमले के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिये आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### दक्षिणपुरी में डिलीवरी बॉय की चाकू मारकर हत्या, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिणपुरी इलाके में के अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम कृष्णा रौशन बताया गया है। वह एक नामी फूड एग्रीगेटर के लिए डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह वारदात शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे सामने आई। पकड़े गये दोनों आरोपियों के नाम राहुल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह शराब के नशे में थे। उन्हें शक था कि कृष्णा रौशन वाहनों से पेट्रोल चोरी कर रहा है। इसी बात को लेकर उनके बीच तीखी बहस हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोपियों ने कृष्णा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई और जंगली इलाके में घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। उनके पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। इस वारदात से आक्रोशित स्थानीय निवासियों ने पुलिस गश्त न होने का आरोप लगाते हुए भारी हंगामा किया और डीसीपी के सामने नारेबाजी की।

## दिल्ली के गरीबों को दिखावा नहीं, उनका हक और उनका मकान चाहिए : यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

- **सिर्फ निरीक्षण और फोटो खिंचवाने से वर्षों से अधूरी पड़ी भलस्वा के 7400 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की परियोजना नहीं होगी पूरी**

दिल्ली के गरीबों को दिखावा नहीं, उनका हक और उनका मकान चाहिए। यह बात रविवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मंत्री आशीष सूद द्वारा गुरुवार को 'जहां झुग्गी, वहीं मकान' योजना के तहत भलस्वा, जहांगीरपुरी पॉकेट-दो में झुग्गीवासियों के लिए बनाए गए 7 हजार 400 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के निरीक्षण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दी। यादव ने कहा कि सिर्फ निरीक्षण और फोटो खिंचवाने से वर्षों से अधूरी पड़ी परियोजना पूरी नहीं होगी। दिल्ली के गरीबों को दिखावा नहीं, उनका हक और उनका मकान चाहिए। यादव ने मांग की है कि भलस्वा, जहांगीरपुरी पॉकेट-दो की 7 हजार 400 ईडब्ल्यूएस फ्लैट परियोजना को निश्चित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। लंबित सीवर, सड़क, पार्क, बाउंड्री वॉल तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए। मैसर्स सुप्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा सभी पात्र झुग्गीवासियों को बिना किसी और देरी के उनके आवास आवंटित किए जाएं। यादव ने अपने बयान में कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी वर्षों तक इस योजना के नाम और श्रेय की राजनीति करती रहीं, जबकि सच्चाई यह है कि इन फ्लैटों का निर्माण कांग्रेस सरकार द्वारा राजीव रत्न आवास योजना के तहत शुरू कराया गया था। उस समय मैंने क्षेत्र के विधायक के तौर पर इस परियोजना की लगातार निगरानी की, निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए संबंधित विभागों से लगातार संघर्ष किया और झुग्गीवासियों के पुनर्वास को प्राथमिकता दिलाने का प्रयास किया। यादव ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्ष 2012 में शुरू हुई यह परियोजना वर्ष 2026 में भी पूरी तरह रहने योग्य नहीं बन सकी। पहले आम आदमी पार्टी की सरकार और अब भाजपा सरकार, दोनों की प्रशासनिक विफलता और उदासीनता के कारण हजारों गरीब परिवार आज भी अपने घर मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यादव ने कहा कि फेज-1 के तहत 4 हजार ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण कार्य मैसर्स एनसीसी लिमिटेड को 28 जुलाई 2012 को सौंपा गया था।

## 'हमारा लक्ष्य बिजली व्यवस्था को स्मार्ट, आधुनिक और पर्यावरण हितैषी है बनाना'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली




- **ऊर्जा मंत्री ने स्मार्ट पैड-माउंटेड सब स्टेशन का उद्घाटन तथा सोलराइज ईस्ट अभियान का किया शुभारंभ**

हमारा लक्ष्य बिजली व्यवस्था को स्मार्ट, आधुनिक और पर्यावरण हितैषी बनाना है। यह बात रविवार को दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर में अत्याधुनिक स्मार्ट पैड-माउंटेड सबस्टेशन का उद्घाटन और सोलराइज ईस्ट अभियान की शुरुआत करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक नागरिकों को रूफटाप सोलर से जोड़ना है। कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कॉर्पोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधायकगण, पार्षदगण, आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि, बीवाईपीएल के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक और दूरदर्शी योजना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि केवल एक वर्ष में 1 हजार 427 करोड़ का पावर सेक्टर में निवेश किया गया है, जिसका उद्देश्य न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करना है, बल्कि भविष्य की बढ़ती ऊर्जा मांग के लिए मजबूत आधार तैयार करना भी है। उन्होंने कहा कि इस निवेश के माध्यम से हस्तांतरण एवं वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है, नए सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं, पुराने बिजली ढांचे का आधुनिकीकरण किया जा रहा है तथा उन्नत तकनीक को तेजी से अपनाया जा रहा है। सूद ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस वर्ष दिल्ली में 8 हजार 748 मेगावाट की अब तक की सर्वाधिक पीक आवर डिमांड दर्ज की गई, लेकिन इसके बावजूद दिल्लीवासियों को किसी बड़े पावर कट का सामना नहीं करना पड़ा। सूद ने कहा कि किसी भी आधुनिक शहर के विकास की सबसे मजबूत नींव उसकी बिजली व्यवस्था होती है। उद्योग, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल सर्विसेस तथा आम नागरिकों का दैनिक जीवन निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति पर निर्भर करता है। इसलिए दिल्ली सरकार बिजली क्षेत्र को अधिक आधुनिक, स्मार्ट, ग्रीन एवं फ्यूचर रेडी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गांधी नगर में स्थापित स्मार्ट पैड-माउंटेड सब स्टेशन के बारे में उन्होंने कहा कि पूर्वी दिल्ली जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भूमि की सीमित उपलब्धता को देखते हुए ऐसे आधुनिक समाधान समय की आवश्यकता हैं। लगभग 80 प्रतिशत कम स्थान में स्थापित यह सब स्टेशन शहरी क्षेत्रों के लिए एक अभिनव मॉडल प्रस्तुत करता है। उन्होंने सोलराइज ईस्ट अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरी दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और भारत इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों के सामने एक नया दृष्टिकोण रखा है, जिसमें नागरिक केवल बिजली के उपभोक्ता नहीं, बल्कि ऊर्जा के उत्पादक भी बनें। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले केवल बिजली खरीदें ही नहीं, बल्कि बिजली का उत्पादन भी करें और आवश्यकता से अधिक बिजली को ग्रिड में देकर अतिरिक्त आय भी अर्जित करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सोलराइज ईस्ट केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सरकार, समाज, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिक कल्याण समितियों, उपभोक्ताओं तथा सोलर पार्टनर्स के सामूहिक सहयोग का एक सशक्त मंच है।

सूद ने विश्वास व्यक्त किया कि सोलराइज ईस्ट दिल्ली में रूफटॉप सोलर कैपेसिटी बढ़ाने, स्वच्छ ऊर्जा को जन-आंदोलन बनाने तथा भारत के ऊर्जा परिवर्तन के राष्ट्रीय लक्ष्य को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# टकराव की आशंका बढ़ीः कॉकरोचों का संसद कूच आज, पुलिस ने नहीं दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अगुवाई में पिछले कई दिनों से जंतर मंतर पर धरना दे रहे आंदोलनकारी आज सेमवार को संसद की तरफ कूच करेंगे। सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस के जरिये जबरन अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद से धरना स्थल पर बड़ी तादाद में युवा और आम लोग पहुंच रहे हैं। रविवार देर रात तक तादाद में लोग जंतर मंतर पर पहुंच चुके थे। पुलिस और अर्धसैनिक चप्पे चप्पे पर तैनात हैं। दिल्ली पुलिस ने साफ कह दिया है कि संसद की तरफ आंदोलनरत लोगों को बढ़ने की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा के मद्देनजर नई दिल्ली के लुटियन जोन को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र को देखते हुए दिल्ली पुलिस और खुफिया तंत्र के आला अधिकारी जंतर मंतर के आपसास मुस्तैद हैं।




## पुलिस कर सकती है कार्रवाई, ज्यादा से ज्यादा तादाद में इक्कठा होंः दीपके

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल के दूसरे दिन रविवार को लोगों से आह्वान किया है कि सोमवार को संसद मार्च में शामिल होने के लिए भारी संख्या में पहुंचे। वहीं दीपके ने सोनम वांगचुक को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि उनकी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल सफदरजंग अस्पताल में अब भी जारी है। दीपके ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अंदेशा है कि रविवार देर रात या 20 जुलाई की सुबह संसद मार्च से पहले दिल्ली पुलिस प्रदर्शन स्थल को खाली कराने की कोशिश कर सकती है। उन्होंने कहा कि इसलिए अधिक से अधिक संख्या में लोग रविवार रात को ही पहुंचे जिससे की पुलिस ऐसी कोशिश न कर सके। उन्होंने एक संदेश जारी करते हुए कहा कि पुलिस वांगचुक को जबरन अस्पताल ले गई, लेकिन आज भी उन्होंने अपना अनशन जारी रखा है। उन्होंने संसद मार्च के लिए भी अपील करते हुए कहा कि सब लोगों को शांतिपूर्वक मार्च करना है। मेरी अपील है कि सभी दिशा निर्देशों का पालन करें और अपनी एकजुटता दिखाएं।

## मार्च में शामिल होंगी वांगचुक की पत्नी गीतांजलि

लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी डॉ. गीतांजलि आंग्मो ने अस्पताल से ही कल के मार्च में शामिल होने और प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करने का ऐलान किया है। सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक की स्थिति पर बात करते हुए उनकी पत्नी डॉ. गीतांजलि आंग्मो ने कहा कि मैं कल के विरोध प्रदर्शन में निश्चित रूप से सोनम का प्रतिनिधित्व करूंगी और मार्च में शामिल होंगी। हमने आज एक तत्काल याचिका भी दायर की थी, क्योंकि अगर हमें आज अस्पताल शिफ्ट करने की अनुमति मिल जाती, तो हम मेदांता जाकर कल सुबह तक प्रदर्शन स्थल पर पहुंच सकते थे। लेकिन हम जानते थे कि वे (प्रशासन) इसकी इजाजत नहीं देंगे।

## 'सफदरजंग अस्पताल पर से भरोसा उठा'

गीतांजलि जे आंग्मो ने रविवार को आरोप लगाया है कि उनका सफदरजंग अस्पताल पर से भरोसा उठ गया है। गीतांजलि ने दावा करते हुए कहा कि अस्पताल द्वारा परिवार को बताई गई वांगचुक के पोटेशियम स्तर की जानकारी और एक स्वतंत्र प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट में अंतर है। गीतांजलि का आरोप है कि अस्पताल ने परिवार को बताया था कि वांगचुक के शरीर में पोटेशियम का स्तर 2.9 तक गिर गया है और इसे खतरनाक बताया था। जबकि लगभग 10 घंटे बाद एक स्वतंत्र प्रयोगशाला में जांच किए गए रक्त नमूने में पोटैशियम का स्तर 3.6 पाया गया।




## संसद सत्र और सीजेपी के मार्च से पहले नई दिल्ली जिले में सुरक्षा कड़ी




**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र और कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रस्तावित 'चलो संसद' मार्च से पहले जंतर मंतर समेत पूरे नई दिल्ली जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ ही बैरिकेड्स की संख्या भी बढ़ा दी है। इसके लिये आसपास के जिलों से बैरिकेड्स मंगवाए गये हैं। प्रमुख प्रवेश मार्गों पर वाहनों की गहन जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस का कहना है कॉजपा ने प्रस्तावित मार्च के लिए अनुमति नहीं ली है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि उच्च सुरक्षा क्षेत्र की तरफ किसी भी अनधिकृत मार्च को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस ने बताया कि संसद सत्र के दौरान एहतियात के तौर पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था जारी रहेगी। नई दिल्ली जिले में खासतौर पर निगरानी बढ़ाई गई है। इसके अलावा मध्य और उत्तरी दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी कई प्रवेश मार्गों पर बैरिकेड्स की संख्या बढ़ाई गई हैं। इन क्षेत्रों को कड़ी निगरानी और चौबीसों घंटे गश्त के साथ उच्च सुरक्षा क्षेत्र में बदल दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संसद सत्र के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना दिल्ली पुलिस की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए व्यापक एहतियाती इंतजाम किए गए हैं। रविवार सुबह से ही नई दिल्ली जिले में प्रवेश करने वाले हर वाहन की गहन जांच की जा रही है। महत्वपूर्ण स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस चौकियां बनाई गई हैं और रिजर्व बल को तैयार रखा गया है। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी के जरिए निगरानी भी बढ़ा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक जंतर-मंतर, संसद मार्ग, सेंट्रल विस्टा, कनॉट प्लेस, शंकर चौक और अन्य महत्वपूर्ण जगहों के आसपास सुरक्षा अभेद है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आरएएफ बल को भी तैनात किया गया है।

## जंतर मंतर खाली करने करने के वायरल वीडियो को पुलिस ने बताया पुराना

रविवार को जंतर मंतर खाली करने के एक वायरल वीडियो पर दिल्ली पुलिस ने अपनी सफाई दी है। नई दिल्ली जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि यह वायरल वीडियो पुराना है। दिल्ली पुलिस की तरफ से हालिया ऐसा कोई अनाउंसमेंट नहीं किया गया। इस वीडियो का मकसद केवल जनता को गुमराह करना है। वीडियो में जंतर मंतर को शाम पांच बजे तक खाली करने की अनाउंसमेंट हो रही है। पुलिस ने इसे खुले तौर पर भ्रामक प्रचार सामग्री बताया है।

# पानी हद से गुजर चुका, पीएम को पत्र लिखा था जवाब नहीं मिलने के बाद यहां आईः शबाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

फिल्मी कलाकार व लेख जावेद अख्तर की पत्नी शबाना आजमी रविवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक व भूख हड़ताल पर बैठक अभिजीत दीपके का हौसला बढ़ाने जंतर मंतर पहुंची। इस मौके पर शबाना ने कहा कि जब पानी हद से गुजर जाता है तभी बोलती हुं। मैं 75 साल की हो गई हूं दुनिया देखी है। जब मुझे अंदर से जब कोई चीज झंझोड़ती है तो मैं बोलती हुं। शबाना ने कहा कि मैंने व जावेद साहब ने पीएम मोदी को खत लिखा कि आप उनसे बातचीत तो करिए। हमने कहा कि हम इसे लेकर प्रेस या जनता के सामने बिल्कुल नहीं जाएगें। हमें बताया गया कि आपको दो दिन में जवाब मिलेगा। लेकिन तीन चार दिन तक जब कोई जबाब नहीं मिला तो आज हम जंतर मंतर आ गए। शबाना न कहा मुझे कई बार एंटी नेशन कहा गया, लेकिन मैं डरती नहीं हुं। उन्होंने आंदोलन की सफलता पर कहा कि उम्मीद पर दुनिया जीती है। इस आंदोलन जो नींव डाली है वह बहुत मजबूत लग रही है। मैं यहां सोनम सर व आपकी आवाज को बुलंद करने के लिए आइर हूं। मैं किसी पार्टी या राजनीतिक दल की तरफ से नहीं बल्कि एक भारतीय नागरिक के रूप में आई हुं। पीएम को इन छात्रों की आवाज सुननी चाहिए। इन छात्रों के मां बाप के आंखों में आंसू है। शबाना ने कहा कि संसार जब भी कहीं इंकलाब आया है वह युवा पीढ़ी से ही आया है।



## जाम से बचने के लिए इन वैकल्पिक रास्तों का करें इस्तेमाल

अगर आपको नई दिल्ली की ओर जाना है, तो ट्रैफिक पुलिस ने कुछ वैकल्पिक रास्ते भी बताए हैं. जनपथ, मान सिंह रोड, अकबर रोड, तीन मूर्ति मार्ग, शांति पथ, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद रोड, कमाल अतातुर्क मार्ग, पंचशील मार्ग, विनय मार्ग, कनॉट प्लेस का आउटर सर्किल, बाबा खड़क सिंह मार्ग, आरएमएल गोलचक्कर, मदर टेरेसा क्रेसेंट रोड, 11 मूर्ति और सरदार पटेल मार्ग का इस्तेमाल किया जा सकता है. इन रास्तों पर ट्रैफिक का दबाव अपेक्षाकृत कम रहने की उम्मीद है. पुलिस ने लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने, धैर्य बनाए रखने और मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों के निर्देश मानने की अपील की है.

## इन मार्गों पर ट्रैफिक हो सकता है प्रभावित

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बताया है कि संसद भवन के आसपास कई प्रमुख सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है. रफी मार्ग, मोतीलाल नेहरू मार्ग, मौलाना आजाद रोड, के. कामराज मार्ग, रायसीना रोड, राजेंद्र प्रसाद रोड, पार्लियामेंट स्ट्रीट, अशोक रोड, टॉकटोरा रोड, पंडित पंत मार्ग और रकाब गंज गुरुद्वारा रोड पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहेगा। इसके अलावा विजय चौक, बोट क्लब, रेल भवन गोलचक्कर, सुनहरी मस्जिद गोलचक्कर, पटेल चौक, बूटा सिंह गोलचक्कर, प्राइम चौक, जीआरजी गोलचक्कर और जलेबी चौक जैसे बड़े जंक्शनों पर भी भीड़ रहने की संभावना है. ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से सलाह दी है कि अगर जरूरी न हो तो इन इलाकों से बचकर निकलें और सफर के लिए अतिरिक्त समय रखें।

## संसद मार्च के लिए आप पार्टी ने की तैयारियां, विभिन्न क्षेत्रों से युवाओं को भेजेगी रैली में

आम आदमी पार्टी (आप) खुलकर सोनम वांगचुक और कॉकरोच जनता पार्टी का समर्थन कर रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि सोमवार को संसद मार्च के लिए सभी विधायकों व वरिष्ठ पदाधिकारियों का निर्देश दिए गए है कि वह अपने अपने क्षेत्र के युवाओं को, खासकर कॉलेज आदि में पढ़ने वाले छात्रों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मार्च में शामिल होने के लिए भेजना है। सूत्रों का कहना है कि इसके लिए बसों व अन्य वाहनों की व्यवस्था की गई है। इस मुद्दे पर आप पार्टी के वरिष्ठ विधायक व प्रवक्ता संजीव झा ने कहा कि इस संसद मार्च में सबको शामिल होना चाहिए। यह लड़ाई किसी एक छात्र या किसी पार्टी की नहीं है बल्कि देश के युवाओं के भविष्य की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि हम तो ऐलान कर रहे है कि आप सबको इस लड़ाई में जरूर शामिल होना चाहिए। मैं भी मार्च में शामिल रहूंगा, क्योंकि यह मुद्दा किसी एक के लिए नहीं है। इस मुद्दे पर आप पार्टी के नेताओं का कहना है कि नीट पेपर लीक हो या अन्य परीक्षा में लीक का मामला इसे रोकना ही होगा। आप नेताओं ने कहा कि हम इस लड़ाई में किसी पार्टी, किसी नेता, किसी सामाजिक संगठन का साथ नहीं दे रहे बल्कि हम अपने व आप सब के बच्चों के लिए संसद मार्च में शामिल होंगे। एक सवाल के जवाब में आप नेताओं का एक ही जवाब है कि जिस शिक्षा मंत्री के बस का साफ सुथरी परीक्षाएं करवाना नहीं है, उसे पीएम मोदी हटाते क्यों नहीं है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएम मोदी, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पोस्टर बैनर तैयार किए जा रहे है। इन पोस्टर बैनरों पर पीएम व प्रधान के खिलाफ जमकर नारेबाजी देखने को मिलेगी।

## दिनभर जंतर मंतर पर बदला रहा माहौल, शाम तक लोगों के साथ बढ़ती रही पुलिस की संख्या, पहुंचे कई नेता

सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा हटाने के दूसरे दिन रविवार को जंतर मंतर का नजारा ही बदला बदला नजर आया। वांगचुक को अस्पताल में भर्ती करने के बाद भूख हड़ताल शुरू करने वाले कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके का दूसरा दिन था, और वह स्वस्थ नजर आए। डॉक्टरों ने भी दीपके को लेकर कहा कि अभी सब ठीक है। वहीं भूख हड़ताल शुरू करने के बाद दीपके का हौसला बढ़ाने के लिए सुबह से कई नेताओं, सामाजिक संगठनों व युवाओं का आना जारी रहा। खासकर वामपंथी छात्र संगठन रविवार को में काफी अधिक संख्या में सक्रिय नजर आए। परंपरागत ढपली के साथ जंतर मंतर पर जेएनयू के वामपंथी छात्र संगठन से जुड़े छात्रों की संख्या दोपहर तक अच्छी खासी पहुंच गई। दिल्ली से बाहर से आने वाले छात्रों की संख्या भी कम नहीं दिखी। जंतर मंतर के अंदर जाने के लिए एनडीएमसी बिल्डिंग के सामने सड़क से ही लाइन लगी रही। क्योंकि पुलिस अन्य सुरक्षा बलों ने सुरक्षा के चलते जंतर मंतर को छावनी में तब्दील कर दिया है। शाम पांच बजे तक जंतर मंतर पर भारी भीड़ लग गई। पूरी गहमागहमी और मौके पर मौजूद भारी सुरक्षा बलों व पुलिस की बढ़ती संख्या के चलते बार बार प्रदर्शनकारियों को यह लगता कि अब उन्हें भी जबरन हटाया जाएगा। लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस की तरफ से जंतर मंतर पर ऐसी कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिली। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पहुंचे लोगों ने अब कहना शुरू कर दिया है कि शिक्षा मंत्री ही नहीं प्रधानमंत्री का इस्तीफा भी चाहिए। वहीं आम आदमी पार्टी के नेताओं का जंतर मंतर पर पहुंचना जारी रहा। इनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आप दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, बुराड़ी से विधायक व प्रवक्ता संजीव झा, जैस्मीन शाह व अन्य शामिल है।

## देश को एक शिक्षा क्रांति की जरूरत, जंतर मंतर पहुंच सिसोदिया ने बढ़ाया प्रदर्शनकारियों का हौसला

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली के पूर्व शिक्षा तथा आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को जंतर मंतर पहुंचकर सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके व प्रदर्शनकारियों का हौसला बढ़ाया। सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज जिस प्रकार पेपर लीक हो रहे है, उसके चलते इस देश को एक नई शिक्षा क्रांति की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा क्रांति में सबसे पहली जरूरत पेपर माफिया से आजादी दिलाना है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सोमवार को युवा जंतर-मंतर से संसद तक मार्च करेगा, सभी दलों के समर्थक अपने बच्चों के लिए यहां जरूर आएं। क्योंकि आज पेपर माफिया देश में सिर्फ पेपर नहीं बेच रहा, वह हम सबके बच्चों का भविष्य बाजार में बेच रहा है। सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा क्रांति के इस आंदोलन को इस मुकाम तक लाने वाले अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका, सौरभ दास आदि हमारे साथ शिक्षा पर पहले भी कार्य कर चुके है। अब युवाओं की यह लड़ाई तय करेगी कि देश में मेहनत करने वाला छात्र आगे बढ़ेगा या पैसे-पहुंच के दम पर पेपर खरीदने वाला आगे जाएगा। यह लड़ाई आम आदमी पार्टी या किसी अन्य दल की नहीं है। बल्कि यह युवाओं के भविष्य को सुधारने व पेपर माफिया से आजादी की लड़ाई है जिसे आप दीपके जैसे युवाओं ने अपने कंधो पर उठाया है। सोनम वांगचुक ने इसमें अपने शरीर अपनी जान को दाव पर लगाकर लड़ाई शुरू की है। उन्होंने कहा कि 20 दिन तक पीएम मोदी को वांगचुक के स्वास्थ्य की चिंता नहीं हुई। लेकिन जैसे ही उनको लगा की युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, उनको जबरन उठा लिया।



## दूसरी बार जंतर मंतर पहुंचे फिल्मी कलाकार प्रकाश राज, सोशल मीडिया पर शेयर की भीड़

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत के फिल्मी कलाकार प्रकाश राज दूसरी बार रविवार को जंतर मंतर पहुंचे और प्रदर्शन का अपना समर्थन दिया। इस मौके पर प्रकाश राज ने रात के समय का विडियो क्लिप भी अपने सोशल मीडिया मंच पर शेयर किया और लिखा यह है मेरे देया का युवा। वीडियो में प्रकाश राज ने जंतर मंतर पर जमा भीड़ को दिखाया है। वहीं कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके के साथ भी प्रकाश राज खड़े दिखाई दिए। बता दें कि इससे पहले 11 जुलाई को भी प्रकाश राज जंतर मंतर आए थे और उस समय सोनम वांगचुक का हौसला बढ़ाया था।

## अनशन का मकसद छात्र समस्या उठाना नहीं बल्कि हंगामा करना है : हर्ष मल्होत्रा

जंतर मंतर पर चल रहे प्रदर्शन को लेकर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को कहा कि नीट परीक्षा लीक के नाम पर आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट एवं कांग्रेस पार्टी प्रायोजित इस धरने में सोनम वांगचुक अनशन पर बैठे जबकि 28 जून को नीट की संतोषजनक पुनः परीक्षा हो गई थी, 21 जून 2026 को अनशन का मकसद छात्र समस्या उठाना नहीं बल्कि संसद के मानसून सत्र के दौरान सड़क से संसद तक हंगामा करना है। मल्होत्रा ने कहा कि सोनम वांगचुक के अनशन मामले में जिस तरह रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मांगने के लिए सांसद कपिल सिब्बल एवं विवेक तनखा जैसे बड़े महंगे वकील पेश हुए उससे स्पष्ट हो जाता है की सोनम वांगचुक कोई एक्टिविस्ट के नाते नहीं बल्कि भारत के पूरे विपक्ष के राजनीतिक मोहरे के रूप में धरने पर बैठे थे। मल्होत्रा ने कहा कि पुलिस ने सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाने की जो भी कार्रवाई की वह हाई कोर्ट के निर्देश अनुरूप था और शायद उसी के मद्देनजर दिल्ली हाईकोर्ट ने सोनम वांगचुक की ओर से दाखिल याचिका पर कोई अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया।

## 'हर घर तिरंगा' अभियानः दिल्ली सरकार स्वयं सहायता समूहों से खरीदेगी दो लाख तिरंगे

# पूरी दिल्ली में वितरित किए जाएंगे 15 लाख से अधिक राष्ट्रीय ध्वजः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा-2026' अभियान को जनभागीदारी, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना से जोड़ने के लिए तैयारी कर रही है। इस अभियान में दिल्ली के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को महत्वपूर्ण भागीदार बनाया गया है। दिल्ली सरकार पात्र स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से करीब दो लाख राष्ट्रीय ध्वज तैयार कराएगी। इन समूहों से तैयार किए गए तिरंगों का उपयोग इस अभियान में किया जाएगा। दिल्ली सरकार का पूरी दिल्ली में 15 लाख से अधिक राष्ट्रीय ध्वज वितरित करने का लक्ष्य है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय ने दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस अभियान को समाज के हर वर्ग की भागीदारी से सफल बनाने के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को राष्ट्रीय ध्वज निर्माण से जोड़ने का निर्णय सरकार की उस सोच का हिस्सा है, जिसमें जनकल्याणकारी अभियानों के साथ आजीविका के अवसरों को भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तैयार करने वाले स्वयं सहायता समूहों के सदस्य देश के गौरव और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक तिरंगे के निर्माण में सीधे योगदान देंगे। इससे उन्हें आर्थिक अवसर मिलने के साथ ही देशव्यापी अभियान का हिस्सा बनने का गौरव भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शहरी आजीविका मिशन (एसयूएलएम), दिल्ली सरकार द्वारा चिन्हित और संगठित पात्र स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से दो लाख राष्ट्रीय ध्वज तैयार किए जाएंगे। एसयूएलएम शहरी गरीबों की आजीविका को मजबूत करने के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने, कौशल विकास, उद्यमिता और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है। राष्ट्रीय ध्वज निर्माण से इन समूहों को अपनी सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से योगदान देने और स्थायी आजीविका के अवसरों को मजबूत करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास और जनभागीदारी को साथ लेकर आगे बढ़ना है। स्वयं सहायता समूहों को 'हर घर तिरंगा' अभियान से जोड़कर दिल्ली सरकार सामुदायिक संस्थाओं को मजबूत करने, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले सभी राष्ट्रीय ध्वज भारतीय ध्वज संहिता, 2002 और समय-समय पर किए गए उसके संशोधनों, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम, 1971 तथा निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप बनाए जाएंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे से जुड़े सम्मान, गरिमा और राष्ट्रीय गौरव के अनुरूप हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार 'हर घर तिरंगा-2026' अभियान में जनभागीदारी को व्यापक रूप से जोड़ना चाहती है। इसलिए पूरी दिल्ली में सरकार की ओर से 15 लाख से अधिक तिरंगे वितरित किए जाएंगे। इसके लिए ऑनलाइन बाजारों से भी तिरंगे खरीदे जाएंगे। सरकार का प्रयास है कि 'हर घर तिरंगा' अभियान की भावना दिल्ली के प्रत्येक घर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को इस अभियान से जोड़ना देशभक्ति की भावना के साथ-साथ स्थानीय समुदायों की आर्थिक मजबूती और समावेशी विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है।



## एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने पौधरोपण किया और नागरिकों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने 32वें रविवार को गोल मार्केट स्थित काली बाड़ी मार्ग के ब्लॉक 49 से 55, टाइप-3, केंद्रीय सरकारी कर्मचारी आरडब्ल्यूए परिसर में एक पेड़ मां के नाम सामूहिक पौधरोपण अभियान के तहत पौधे लगाए। इस अवसर पर चहल ने 'आपके द्वार सुशासन' पहल के अंतर्गत आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी जनसमस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चहल ने कहा कि यह अभियान लगातार 32वें रविवार भी पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया है, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों की बढ़ती जागरूकता एवं सहभागिता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले इन पौधरोपण अभियानों के अतिरिक्त एनडीएमसी विश्वविद्यालयों, दूतावासों एवं विभिन्न संस्थानों के सहयोग से भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस अवसर पर केंद्रीय सरकारी कर्मचारी आरडब्ल्यूए के संरक्षक पवन कुमार, अध्यक्ष कृष्ण कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधारोपण किया।






## खबर संक्षेप

### 5 हजार रुपए का ईनामी धराया

**फरीदाबाद।** चोरी के वाहन खरीदने के आरोप में क्राईम ब्रांच एवीटीएस सिकरोना ने इरफान



वासी गांव नंगला जमालगढ़ पुन्हाना जिला नूंह पर फरीदाबाद पुलिस ने 5000 का ईनाम घोषित किया हुआ था। वह थाना कोतवाली के एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में वांछित था, जिसको क्राईम ब्रांच एवीटीएस सिकरौना की टीम ने 17 जुलाई को गुप्त सूत्रों की सूचना पर उसके गांव में रेड कर काबू किया है। इरफान की पूछताछ में 25 से 30 चोरी की अन्य मोटरसाइकिल खरीदने का खुलासा किया है। जिसको माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। फरीदाबाद पुलिस ने आरोपी पर 5000 का ईनाम घोषित किया हुआ था। बता दें कि थाना कोतवाली में वर्ष 2024 में विपिन कुमार निवासी सारन की शिकायत पर एक मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस टीम ने आरोपी साकिर को गिरफ्तार किया गया था।

### अवैध गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सिकंदरपुर एंटी नारकोटिक्स सेल ने सेक्टर-37 स्थित एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड कंपनी के पास से एक युवक को अवैध गांजा सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से 3 किलो 78 ग्राम गांजा बरामद कर सेक्टर-37 थाना में एनडीपीएस



एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, सिकंदरपुर एंटी नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली कि सेक्टर-37 स्थित एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड कंपनी के पास एक युवक अवैध गांजा सप्लाई करने आया है। जिस पर टीम ने मौके पर दबिश मारते हुए आरोपी को किलो 78 ग्राम गांजा सहित काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद रजा (22) के रूप में हुई है।

गर्भाशय और अंडाशय के बीच विकसित हुआ था 41 सेंटीमीटर का ट्यूमर

# 44 वर्षीय महिला कोमिला नया जीवन, चार घंटे चली जटिल सर्जरी में डॉक्टरों ने निकाला सात किलो का विशाल ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद की 44 वर्षीय महिला सरस्वती देवी बदला हुआ नाम, जो कई महीनों से पेट का लगातार बढ़ता आकार और कब्ज जैसी समस्या को सामान्य स्वास्थ्य परेशानी समझकर नजरअंदाज कर रही थीं, उन्हें मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद में हुई चार घंटे की जटिल सर्जरी के बाद नया जीवन मिला। डॉक्टरों के अनुसार जब तक वह अस्पताल पहुंचीं, तब तक उनका पेट सामान्य आकार से लगभग चार गुना तक



बढ़ चुका था। चिकित्सकीय जांच में पता चला कि गर्भाशय और अंडाशय के बीच 41 सेंटीमीटर का लगभग 7 किलोग्राम वजनी विशाल ट्यूमर विकसित हो गया था, जो यूरेटर(मूत्रवाहिनी) और आंतों पर गंभीर दबाव बना रहा था। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स केविशेषज्ञों की बहु.विषयक (मल्टीडिसिप्लिनरी) टीम ने चार घंटे चली अत्यंत जटिल सर्जरी के माध्यम से इस ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालकर मरीज की जान बचाई। इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी के लिए अनुभवी विशेषज्ञों की एक टीम गठित की गई, जिसमें प्रसूति एवं स्त्री रोग तथा मिनिमली इनवेसिवलैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग की निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. निशा कपूर, रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक लेजर सर्जन डॉ. सचिन मित्तल, रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक के वरिष्ठ सलाहकार व लेजर एवं जनरल सर्जरी के सर्जन डॉ. बीरबल कुमार, डॉ. कनिका तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की डॉ. अपर्णा शामिल थीं। चार घंटे तक चली इस सर्जरी को सफलतापूर्वक पूराकिया गया। अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुकी हैं।

### जटिल सर्जरी की सफलता में मल्टीडिसिप्लिनरी टीम की बेहतर भूमिका रही

वरिष्ठ जनरल सर्जन डॉ. बीरबल कुमार ने बताया कि ट्यूमर पूरे पेट की गुहा (एब्डोमिनल कैविटी) में फैल चुका था और आंतों सहित आसपास के महत्वपूर्ण अंगों में उलझ गया था। सर्जरी के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतते हुए ट्यूमर को इन महत्वपूर्ण अंगों से अलग किया गया। इस अत्यंत जटिल सर्जरी की सफलता में मल्टीडिसिप्लिनरी टीम की विशेषज्ञता और बेहतर समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सद्भावना यात्रा की सफलता पर पूर्व सांसद ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

# बिजली-पानी की किल्लत से जूझ रही फरीदाबाद की जनता, सरकार मौनः बृजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौ.बृजेंद्र सिंह ने कहा है कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही पार्टी की असली ताकत है और कांग्रेस का कार्यकर्ता न केवल ऊर्जावान है बल्कि सशक्त होकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। बृजेंद्र सिंह रविवार को फरीदाबाद के सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में आने पर सत्यवीर डागर सहित अन्य कांग्रेसजनों ने पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जब हमने प्रदेश में सद्भावना यात्रा शुरु की थी तो उस समय कांग्रेस कार्यकर्ता टूटा हुआ था, घर बैठा हुआ था, 2024 के चुनाव के बाद उसका मनोबल बहुत कम हो गया था, पूरे प्रदेश में कांग्रेस को दोबारा से उभारना था इसलिए कुछ बड़ा करना होगा और इसी लक्ष्य को लेकर यात्रा निकालने की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि यह पहली ऐसी यात्रा है, जो पूरे हरियाणा के सभी 90 की 90 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी और यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम जनता का उत्साह, यह जताता था कि बदलाव जरुर आएगा। उन्होंने कहा कि सद्भावना यात्रा की



सफलता का श्रेय कार्यकर्ताओं को जाता है, जिन्होंने पूरी शिद्दत से इस यात्रा को सफल बनाने में अपना योगदान दिया, जिसके लिए वह सभी का आभार जताते है। खासकर फरीदाबाद में यात्रा के प्रति कार्यकर्ताओं का रुझान और जनता की भागीदारी के लिए वह उनका तहे दिल से धन्यवाद करते है।

श्री सिंह ने कहा कि सद्भावना यात्रा में उन्होंने राहुल गांधी को उस समय निमंत्रण दिया, जब उनकी यात्रा 62वीं विधानसभा में पहुंची और करीब हरियाणा में 70 फीसदी यात्रा पूरी कर चुकी थी। मार्च में उन्होंने राहुल गांधी को औपचारिक निमंत्रण दिया और उन्होंने यात्रा के आखिरी पड़ाव में शामिल होने का आश्वासन दिया और यात्रा में शामिल हुए। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि फरीदाबाद में विकास के दावे करनी वाली सरकार लोगों को बिजली-पानी देने में असफल साबित हो रही है, रात-रात भर बिजली गुल रहती है, लोग भारी-भरकम बिजली बिल भरने के बावजूद बिजली न मिलने के चलते परेशान है, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों यहां बारिश के दौरान मंत्रियों के निवास के आगे पानी भर गया, जो यह साबित करता है कि भाजपा का विकास केवल कागजों तक सिमटा है, एक ही बरसात मे सडक़ें धंस रही है, इससे प्रतीत होता है कि जनता के खून पसीने की कमाई को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज जनता का इस सरकार से मोहभंग हो चुका है और आने वाले चुनावों में वह इस सरकार को वोट की चोट से सत्ता से बाहर कर देगी।

एसआईआर को लेकर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि एसआईआर में अपनी भागीदारी निभाएं और सुनिश्चित करे कि सभी वोटरों का यह फार्म भरा जा चुका है, अब केवल चार दिन शेष बचे है, अपने बीएलओ से वोट लिस्ट ले और एनक्लेटेबल फार्म को जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में 27 फीसदी यानी एक तिहाई फार्म ऐसे है, जिनके वोट कटेंगे, इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ता इन 27 फीसदी वोटों को संपूर्ण करवाने में अपना योगदान दे। सम्मेलन में मौजूद कांग्रेसी नेताओं ने अपने-अपने विचार रखें और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह, पूर्व एसपी महाराज सिंह, डा. एसएल शर्मा, जगत सिंह नागर, तेजपाल नैन, राजेंद्र चपराना, दीपक चौधरी, वेद यादव, मुकेश डागर, मनोज अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, सूरजमान, मकरंद शर्मा, प्रताप शर्मा, अजीत भाटी, गंगाराम तेवतिया, वरुण श्योकंद, गुलिया, रामनिवास राठी, संजय त्यागी सेवादल, विनोद कौशिक, धर्मबीर फलसवाल पूर्व पार्षद, विक्रम सरपंच, कुलदीप चौधरी, लुकमान कार्डिनेटर मायोनोरिटी सैल सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

शर्मा ने सेक्टर वासियों के साथ पार्क में लगाएं फलदार पौधे

## पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधे लगाना अति आवश्यकः केसी शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी केसी शर्मा ने रविवार को सेक्टर-7 सी स्थित जनकल्याण पार्क में आरडब्ल्यूए सदस्यों के साथ दर्जनों फलदार पौधे लगाएं और इन पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करने का संकल्प लिया। इस दौरान केसी शर्मा ने कहा कि मौजूदा समय में पर्यावरण का अशुद्ध होना मानव जाति के लिए घातक संकेत है, इसलिए हम सभी को समय रहते सचेत होना होगा और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को शुद्ध करने के प्रयास में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करने का जो सिलसिला शुरु किया थाए उसके सकारात्मक परिणाम सामने आए और पूरे देश में लोगों ने इस अभियान में अपनी भागेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं। केसी शर्मा ने कहा कि अब मानसून का सीजन चल रहा है, ऐसे में पौधे जल्दी पनप जाते है, इसलिए शहर का प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अपने किसी भी परिजन के नाम से अपने घर, पार्क, सडक़इत्यादि पर लगाकर उसकी देखभाल करे ताकि हम सभी लोगों का संयुक्त रुप से किया गया प्रयास सफल हो और हमें शुद्ध हवा मिल सके।

इस मौके पर सुभाष चौधरी, पीएल खण्डेलवाल, जितेन्द्र यादव, हेमंत मुदगिल, सतीश मुदगिल, अशोक कौशिक, जे पी शर्मा, अमितेश परसवाल, मदन लाल वर्मा, सक्सेना, अरूण भटनागर, दीपक मेहंदीरता सहित आरडब्ल्यूए की मातृ शक्ति भी भारी संख्या में उपस्थित रही।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

## साइबर ठगों को बैंक खाता और सिम कार्ड उपलब्ध कराने पर दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

निवेश के नाम पर लाखों रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह को बैंक खाता और सिम कार्ड उपलब्ध कराने के मामले में साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने गुजरात से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान प्रजापति संजय कुमार (41) निवासी सिद्धपुरा, जिला पाटन (गुजरात) और ठाकोर निकुल (20) निवासी ठाकोरवास, जिला मेहसाणा (गुजरात) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 30 नवंबर 2025 को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे करीब 5 लाख 37 हजार रुपए की ठगी की गई है। शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एएसआई संदीप और एएसआई नितिन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि ठगी की गई रकम आरोपी संजय कुमार के बैंक खाते में जमा हुई थी। उसने यह राशि निकालकर अपने एक साथी को सौंप दी थी, जिसके एवज में उसे एक लाख रुपये मिले थे। वहीं, आरोपी निकुल ने शिकायतकर्ता से संपर्क करने के लिए इस्तेमाल किए गए सिम कार्ड की व्यवस्था की थी, जिसके बदले उसे पांच हजार रुपए मिले थे।

### अवैध हथियार सहित युवक धरा

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक देशी कट्टा बरामद कर उसके खिलाफ सेक्टर-10 थाना में केस दर्ज कर लिया। आरोपी ने मानेसर क्षेत्र में सुंदर नामक व्यक्ति की हत्या के मामले में अवैध हथियार उपलब्ध करवाने में भूमिका निभाई थी।दरअसल, सेक्टर 10 क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार सहित वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-37 स्थित इंडियन गैस एजेंसी के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी को एक देशी कट्टा सहित काबू कर लिया।

पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया

## व्हाट्सएप पर अश्लील संदेश भेजकर महिला मैनेजर को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नौकरी के लिए आवेदन के दौरान मिले संपर्क का दुरुपयोग कर महिला एचआर मैनेजर को व्हाट्सएप पर अश्लील और धमकी भरे संदेश भेजने वाले आरोपी को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, 21 मई 2026 को एक निजी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर (एचआर) के पद पर कार्यरत महिला ने थाना सदर, गुरुग्राम में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि आरोपी ने उसकी कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद के लिए आवेदन किया था। भर्ती प्रक्रिया के दौरान दोनों के बीच आधिकारिक संपर्क स्थापित हुआ था। शिकायत के मुताबिक, 20 मई को आरोपी ने व्हाट्सएप के माध्यम से महिला को गाली-गलौज करते हुए अश्लील संदेश भेजे और उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के संदेशों से महिला मानसिक रूप से परेशान हो गई और उसे अपनी सुरक्षा को लेकर भय महसूस होने लगा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान थाना सदर की पुलिस टीम ने आरोपी वृंदावन निवासी पुनीत बरेजा को वृंदावन से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक निजी कंपनी के लिए वर्क फ्रॉम होम के जरिए आईटी इंजीनियर के रूप में काम करता है। उसने सेल्स मैनेजर पद के लिए आवेदन किया था।

आरोपियों ने चोरी की 3 वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली

## कारों के एलॉय व्हील चोरी केस में दो आरोपी गिरफ्तार, 8 एलॉय व्हील समेत सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने कारों के एलॉय व्हील और टायर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई एक कार, चोरी के 8 एलॉय व्हील, एक टायर, एक बैटरी और कुछ स्पेयर पार्ट्स बरामद किए हैं।

> शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया

पुलिस के अनुसार, 13 जुलाई को थाना खेड़की दौला में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 11 जुलाई की रात सेक्टर-86 स्थित उसकी कार के टायर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने लेजर वैली पार्क के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान 23 वर्षीय रवि कुमार और 23 वर्षीय ऋषभ के रूप में हुई। जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव गलारपुर के रहने वाले हैं और वर्तमान में नाहरपुर, मानेसर में रह रहे थे। दोनों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि ऋषभ टैक्सी चालक है, जबकि रवि एक निजी कंपनी में काम करता है। दोनों रात के समय कार में घूमकर पहले रेकी करते थे और सुनसान स्थानों पर खड़ी कारों के एलॉय व्हील और टायर चोरी कर लेते थे। आरोपियों ने गुरुग्राम में चोरी की तीन अन्य वारदातों को अंजाम देने की बात भी कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया है।

### एमडीएमए के साथ युवक गिरफ्तार, दिल्ली से लाकर बेचने की थी तैयारी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 12 ग्राम एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली से यह नशीला पदार्थ लाकर गुरुग्राम में बेचने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-46 स्थित जल विहार के पास छापेमारी कर आरोपी को काबू किया। पहचान 31 वर्षीय तरुण कुमार निवासी मंगे राम पार्क, बुद्ध विहार फेज-2, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 12 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ थाना सेक्टर-50 में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह यह मादक पदार्थ दिल्ली से लेकर आया था और इसे गुरुग्राम में बेचने वाला था।

628 बेल जंपर चिन्हित, उनके जमानतदारों पर भी शुरू हुई कानूनी कार्रवाई

संलिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए व्यापक अभियान शुरू

# फरीदाबाद पुलिस का बड़ा अभियान, पिछले दस सालों के गंभीर अपराधियों का सत्यापन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस ने गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एक विशेष पायलट प्रोजेक्ट आरजेएसएफ के तहत व्यापक अभियान शुरू किया हुआ है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत पिछले 10 सालों में हत्या, लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, एक्सटॉर्शन, शस्त्र अधिनियम जैसे गंभीर मामलों में गिरफ्तार अपराधियों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। ऐसे अपराधी जो अदालत से जमानत मिलने के बाद निर्धारित शर्तों का उल्लंघन कर फरार हो गए हैं, उनकी तलाश



के साथ-साथ अब उनके जमानतदारों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है, ताकि फरार अपराधियों की न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराई जा सके। पुलिस उपायुक्त अपराध राजेश कुमार मोहन के अनुसार फरीदाबाद पुलिस द्वारा पिछले दस वर्षों के गंभीर अपराधों के रिकॉर्ड का विस्तृत विश्लेषण किया गया। विश्लेषण के आधार पर ऐसे अपराधियों की सूची तैयार कर उन्हें संबंधित थाना प्रभारियों को सत्यापन, निगरानी और नियमित मॉनिटरिंग के लिए सौंपा गया। जिस पर पुलिस थाना की टीमों ने घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे आरोपी सामने आए जो अपने दिये गये पते पर नहीं मिले। ऐसे अपराधियों को बेल जंपर घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### अभियान की प्रमुख उपलब्धियां

पिछले 10 वर्षों के रिकॉर्ड के आधार पर 3499 गंभीर अपराधियों की पहचान कर संबंधित थानों को सत्यापन एवं निगरानी के लिए सौंपा गया। इनमें से 2,212 अपराधियों 63.22 प्रतिशत का भौतिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है, जबकि शेष 1287 अपराधियों का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर जारी है। सत्यापन के दौरान 1368 अपराधी अपने दर्ज पते पर मिले। 161 अपराधी विभिन्न जेलों में बंद पाए गए व 55 की मृत्यु हो चुकी है। आदतन अपराधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए 35 हिस्ट्री शीट खोली गई हैं।

### संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत चुन्नी से बने फंदे से लटका मिला शव

**फरीदाबाद।** जिले के सरूरपुर थाना क्षेत्र की दुर्गा कॉलोनी में 23 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में सुसाइड कर लिया। महिला का शव घर की छत पर लगे गार्डर से चुन्नी के सहारे लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही सरूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। जिसका आज पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। मृतका की पहचान रीमा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसकी शादी करीब चार वर्ष पहले हुई थी। उसका पति पंजाब के डेरा बस्सी में रहता है, जबकि रीमा फरीदाबाद की दुर्गा कॉलोनी में अपने सास, ससुर और देवर के साथ रह रही थी। प्रारंभिक जांच के अनुसार सुबह जब रीमा के ससुर घर की छत पर पहुंचे तो उन्होंने उसे गार्डर से चुन्नी के फंदे के सहारे लटका हुआ देखा। उन्होंने तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी और पुलिस को बुलाया।

**एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 908, 9वां तल, मर्केंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली-110001, भारत CIN-L65100DL1993PLC053936
Website: www.fmecinternational.com Email: fmecinternational@gmail.com, finance@fmecinternational.com Contact: 011-49954225

**30 जून 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार** (रु. लाखों में, प्रति शेयर डेटा को छोड़कर)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2026 अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2025 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2026 अंकेक्षित |
| --- | --- | --- | --- |
| प्रचालनों से आय | 801.98 | 197.41 | 1,080.18 |
| कर से पूर्व लाभ | 422.18 | 43.88 | 299.35 |
| कर के बाद लाभ | 315.93 | 32.83 | 221.49 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | 315.93 | 32.83 | 221.49 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 978.09 | 889.18 | 889.18 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | 721.35 |
| अर्जन प्रति शेयर (तिमाही हेतु वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2/- प्रत्येक के) | | | |
| बेसिक | 0.6460 | 0.0671 | 0.4529 |
| डायल्यूटिड | 0.6460 | 0.0671 | 0.4529 |

**टिप्पणी :** उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 18 जुलाई 2026 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार के नियमन 33 के अनुसरण में वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन है। कम्पनी के वित्तीय परिणाम समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी सरकुलर्स, दिशा-निर्देशों और निर्देशों के साथ-साथ भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज तथा समय-समय पर संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
अपूर्व बंसल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 08052540

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 18 जुलाई, 2026
निवासी : ए-708, यूनेस्को अपार्टमेंट 55, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, ईस्ट, दिल्ली-110092







## दावोस की घोषणा को धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री

# ऊर्जा क्रांतिः सीएम डॉ. यादव की दूरदृष्टि से मप्र रच रहा इतिहास, 24 घंटे मिलेगी हरित ऊर्जा

मध्यप्रदेश को देश का सबसे निवेश मित्र राज्य बनाने और इसे हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इसी दूरगामी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है कि मध्यप्रदेश अब देश का ऐसा अग्रणी राज्य बनने जा रहा है, जहाँ 24 घंटे नवकरणीय (हरित) ऊर्जा उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू हो चुका है। स्विट्जरलैंड के दावोस में मुख्यमंत्री द्वारा की गई वैश्विक घोषणा को अब धरातल पर उतारने के लिए सरकार ने तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। इसी सिलसिले में नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में एक महत्वपूर्ण प्री-बिड मीटिंग का आयोजन किया गया था, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित किया और निवेशकों को मध्यप्रदेश की इस ऐतिहासिक ऊर्जा क्रांति का सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया।

**देश में सबसे सस्ती बिजली देने का गौरवः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश का नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में ट्रैक रिकॉर्ड देश में सबसे बेहतर रहा है। राज्य ने अपनी विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से देश को यह साबित करके दिखाया है कि पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को न सिर्फ सुलभ, बल्कि किफायती भी बनाया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री के प्रयास ला रहे हैं रंग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार की पारदर्शी नीतियों, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और उत्कृष्ट अधोसंरचना के कारण राज्य देश का सबसे बड़ा निवेश हब बनकर उभरा है। नई दिल्ली में हुई प्री-बिड बैठक में मुख्यमंत्री की इसी साख और भरोसे का असर देखा गया, जहाँ देश की दिग्गज कंपनियों- टाटा पॉवर, रिलायंस एनर्जी, टोरेंट पॉवर, जिंदल रिन्युएबल, एनटीपीसी, अडानी ग्रीन्स, हिन्दुस्तान पॉवर और महिंद्रा सिस्टम्स के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और मध्यप्रदेश के विजन की सराहना की।

### रीवा सोलर प्रोजेक्ट

रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना ने देश में सबसे कम सौर टैरिफ स्थापित कर भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है।

### शाजापुर-नीमच पार्क

इन पार्कों ने मात्र 2.14 रुपए प्रति यूनिट का प्रदेश मे सबसे न्यूनतम टैरिफ अर्जित करने का रिकॉर्ड बनाया।

### मुरैना स्टोरेज प्लस प्रोजेक्ट

हाल ही में मुरैना की 4 घंटे की स्टोरेज प्लस परियोजना के लिए 2.70 रुपये प्रति यूनिट पर पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) हुआ है, जो देश की सबसे प्रतिस्पर्धी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में से एक है।

### ऊर्जा सुरक्षा है अंतिम लक्ष्य

मध्यप्रदेश सरकार का विजन सिर्फ सौर या पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करना नहीं है, बल्कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदृष्टि के अनुसार राज्य को हरित ऊर्जा, सतत विकास और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में देश का आदर्श राज्य बनाना है। सरकार का यह नया कदम न केवल मध्यप्रदेश की औद्योगिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा।

---

### वर्तमान क्षमता और लक्ष्य

राज्य में कुल स्थापित रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता में सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा योगदान है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश में लगभग 5,118 मेगावाट से अधिक की स्थापित ग्रिड-कनेक्टेड सौर क्षमता है, जिसमें लगातार विस्तार हो रहा है।

### 2030 का विजन

मध्यप्रदेश सरकार ने लक्ष्य रखा है कि वर्ष 2030 तक राज्य अपनी कुल बिजली आवश्यकता (अनुमानित 40,000 मेगावाट) का 50% हिस्सा (यानी 20,000 मेगावाट) केवल सौर ऊर्जा और अन्य नवकरणीय स्त्रोतों से पूरा करेगा।



### दुनिया और देश के प्रमुख लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स

#### रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क

यह एशिया के सबसे बड़े सिंगल-साइट सौर संयंत्रों में से एक है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह देश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जो देश के व्यावसायिक उपयोग में बड़ा उदाहरण बना हुआ है।

#### ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट

खंडवा जिले में नर्मदा नदी पर ओंकारेश्वर बांध के जलाशय पर दुनिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग (पानी पर तैरती हुई) सौर परियोजनाओं में से एक का निर्माण किया गया है। यह तकनीक भूमि अधिग्रहण की समस्या को खत्म करती है और पानी के वाष्पीकरण को भी कम करती है।

#### मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज प्रोजेक्ट

मुरैना में देश की पहली सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसने 2.70 प्रति यूनिट का ऐतिहासिक न्यूनतम टैरिफ (बिजली दर) दर्ज किया है। यह प्रोजेक्ट 95% वार्षिक उपलब्धता के साथ सुबह और शाम के पीक आवर्स (जब बिजली की मांग सबसे ज्यादा होती है) में भी 440 मेगावाट की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा, मुरैना में एक बड़े 8,000 मेगावाट के मेगा सोलर पार्क के विकास को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की गई है।

#### नीमच -शाजापुर सोलर पार्क

हाल ही में नीमच (500 मेगावाट) और शाजापुर में बड़ी सौर परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। नीमच के नए सोलर पार्क से देश की सबसे सस्ती सौर दरों में से एक 2.14 प्रति यूनिट बिजली मिलने का रास्ता साफ हुआ है।

#### सोलर सिटी

**सांचीः** देश की पहली 'सोलर सिटी': रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर स्थल सांची को देश की पहली पूर्ण 'सोलर सिटी' के रूप में विकसित किया गया है, जहाँ घरेलू से लेकर व्यावसायिक और नागरिक सुविधाओं तक की बिजली जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी की जा रही हैं।

---

### सीएम डॉ. यादव की नीतियों से ऊर्जा क्षेत्र में रचा जा रहा है इतिहास

# मुरैना में देश का सबसे अनूठा 'सोलर प्लस स्टोरेज प्रोजेक्ट', 2.70 की न्यूनतम दर से मप्र ने रचा इतिहास



मध्यप्रदेश को देश का सबसे समृद्ध और 'हरित ऊर्जा हब' बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों और उनकी दूरगामी सोच के ऐतिहासिक परिणाम सामने आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कुशल कार्यशैली और औद्योगिक नीतियों का ही नतीजा है कि मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक और अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रदेश में देश की अपनी तरह की अनूठी 440 मेगावॉट मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना के लिए पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) संपन्न हो गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार की बेहतर कार्यप्रणाली के कारण ही इस परियोजना में मात्र दो रुपए 70 पैसे प्रति यूनिट की प्रतिस्पर्धी दर प्राप्त हुई है, जो देश में अब तक की न्यूनतम दर है और इस श्रेणी की परियोजनाओं के लिए पूर्व राष्ट्रीय मानक से भी बहुत कम है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा की केंद्र की मोदी सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अद्भुत कार्य कर दिखाया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद मध्यप्रदेश को नंबर वन बनाने में मिल रहा है। देश के सभी राज्य इस क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, लेकिन मध्यप्रदेश की प्रगति सबसे तेज और अनूठी है। उन्होंने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मध्यप्रदेश डॉ. यादव के नेतृत्व में अपने ही रिकॉर्ड तोड़कर देश में सबसे आगे बना हुआ है। मुरैना की इस युगांतरकारी परियोजना को धरातल पर उतारने में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रशासनिक तालमेल और नीतियों की बड़ी भूमिका रही है। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका अभिनव बैटरी उपयोग मॉडल है, जिसमें एक ही बैटरी का प्रतिदिन दो बार उपयोग किया जाना संभव होगा। इससे बैटरी असैट्स की उत्पादकता बढ़ी है और ऊर्जा भंडारण की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री द्वारा वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम, दावोस में घोषित विजन के अनुरूप राज्य ने ऊर्जा भंडारण को अधिक किफायती और व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक बना दिया है।



### सीएम यादव के प्रयासों से लगभग एक गीगावॉट स्वच्छ ऊर्जा राष्ट्र को समर्पित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें तेजी से समय पर पूरा भी कर रहा है। इसी कड़ी में 500 मेगावॉट नीमच एवं 450 मेगावॉट शाजापुर सोलर पार्कों के माध्यम से कुल 950 मेगावॉट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता राष्ट्र को समर्पित की गई है। यह उपलब्धि रीवा सौर परियोजना से प्रारम्भ हुई मध्यप्रदेश की अक्षय ऊर्जा यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री की इसी दूरगामी सोच का असर है कि आज आगर-शाजापुर-नीमच (एएसएन) सौर परियोजना से भारतीय रेल को स्वच्छ विद्युत आपूर्ति की जा रही है, जबकि रीवा सौर परियोजना से दिल्ली मेट्रो को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराई जा रही है। इन परियोजनाओं का विकास एनटीपीसी नवकरणीय ऊर्जा लिमिटेड, टाटा पॉवर तथा वारी एनर्जीस जैसे प्रतिष्ठित डेवलपर्स द्वारा किया गया है, जो शासन, ट्रांसमिशन एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के उत्कृष्ट समन्वय का परिणाम है।

### किसानों को दिन में बिजली और 20 हजार मेगावॉट का बड़ा लक्ष्य

मुख्यमंत्री के ग्रामीण और कृषि विकास के विजन के चलते प्रदेश में 4,022 मेगावॉट फीडर सौर ऊर्जीकरण कार्यक्रम की निविदा में 2.40 प्रति यूनिट की रिकॉर्ड न्यूनतम दर प्राप्त हुई है। इसके कारण अब राज्य के किसानों को दिन के समय भी गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत उपलब्ध होगी, जिससे उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार आएगा। वर्तमान में राज्य में सौर, पवन, बैटरी ऊर्जा भंडारण तथा पम्प्ड स्टोरेज की अनेक परियोजनाएँ विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। आगामी वर्षों में 20 हजार मेगावॉट से अधिक अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रदेश की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चित करता है।

### प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में चंबल-मालवा को समृद्धि का उपहार


मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से चंबल क्षेत्र को एक बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजना को मंजूरी मिली है, जिससे मध्यप्रदेश के चंबल और मालवा से लेकर 13 जिलों के वृहद क्षेत्र को समृद्धि का लाभ मिलेगा। इसी तरह नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में पंप स्टोरेज, बैटरी स्टोरेज, कोल, हाइड्रो के साथ सोलर एनर्जी के कई प्रकार उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में मुरैना सोलर ऊर्जा भण्डारण की परियोजना वर्तमान दौर में ऊर्जा उत्पादन की नई संभावनाओं को क्रियान्वित करने का सबसे ठोस उदाहरण है।

---

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का बड़ा कदम

# एमपीपीजीसीएल लगाएगा 110 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं

मध्यप्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण अनुकूल बनाने के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्पों को धरातल पर उतारते हुए मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने एक ऐतिहासिक छलांग लगाई है। पारंपरिक ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी रहने के बाद अब कंपनी ने स्वच्छ और नवकरणीय ऊर्जा की ओर मजबूत कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन प्रमुख ताप विद्युत गृहों के परिसर में कुल 110 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विकासपरक नीतियों के कारण यह परियोजनाएं श्रीसिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया में 40 मेगावाट, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 40 मेगावाट और संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर में 30 मेगावाट की क्षमता के साथ स्थापित हो रही है।



### पीएम मोदी के पंचामृत संकल्पों को मिल रही रफ्तार

मध्यप्रदेश सरकार की यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उनके द्वारा कॉप-26 सम्मेलन में घोषित 'पंचामृत' लक्ष्यों के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वर्ष 2030 तक देश की 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताओं को नवकरणीय स्रोतों से पूरा करने का राष्ट्रीय लक्ष्य तय किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री के इस राष्ट्रीय मिशन में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### ग्रीन एनर्जी और सतत विकास का नया दौर

कंपनी इससे पहले मंदसौर जिले के रातागुराड़िया में 7 मेगावाट का सौर संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित कर चुकी है। अब इस बड़े कदम से न केवल बिजली वितरण कंपनियों को सस्ती और हरित ऊर्जा मिलेगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी भारी कमी आएगी। इसके साथ ही, राज्य को स्वच्छ ऊर्जा का हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने नगरीय निकायों में सामूहिक रूप से लगने वाले प्रस्तावित प्लांट्स के लिए मुख्य सलाहकार की भूमिका भी संभाल ली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उठाए जा रहे ये कदम मध्यप्रदेश को एक सुरक्षित, स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा भविष्य की ओर ले जा रहे हैं।

### नवकरणीय ऊर्जा में आगे बढ़ता एमपी

मध्यप्रदेश में कृषि, औषधीय संपदा और उद्यमशीलता के लिए प्रसिद्ध नीमच अब विनिर्माण, ग्रीन एनर्जी, टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग उद्योगों का भी केंद्र बनने जा रहा है। आज 1 हजार 481 करोड़ रुपये की लागत से 30 औद्योगिक इकाइयों की सौगात नीमच क्षेत्र को मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की विद्युत क्षमता में 30 प्रतिशत हिस्सा क्लीन एनर्जी का है। राज्य ने 12 हजार 18 मेगावाट से अधिक नवकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित कर ली है। जलूद में 271 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से 60 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण किया गया। मक्सी में जैक्सन इंटीग्रेटेड सोलर लिमिटेड द्वारा 6 गीगावाट क्षमता की अत्याधुनिक सोलर विनिर्माण इकाई स्थापित की जा रही है, जो भारत की सबसे बड़ी ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में से एक होगी। रीवा का अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क और ओंकारेश्वर का फ्लोटिंग सोलर पावर प्रोजेक्ट देश में उदाहरण स्थापित कर रहे हैं।

### निवेश के लिए विशेष स्थान बना मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में 33 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। करीब 10 लाख करोड़ के प्रस्ताव जमीन पर उतरे। पिछले ढाई वर्षों में वैश्विक कंपनियों का 9 हजार 200 करोड़ से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मध्यप्रदेश की धरती पर उतर रहा है, जिससे 4,200 से अधिक नौकरियां सृजित हो रही हैं। मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य, जहां लेबर केस मैनेजमेंट सिस्टम लागू है। उद्योगों के लिए पर्याप्त जमीन, पानी और बिजली उपलब्ध है।

D-19123/26

## चिंतन

# सरकार और विपक्ष टकराव नहीं, चर्चा को दें प्राथमिकता

आज से शुरू हो रहा संसद का मानसून सत्र ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब देश के सामने शिक्षा, रोजगार, महंगाई, कृषि, राष्ट्रीय सुरक्षा और संघीय ढांचे जैसे अनेक गंभीर मुद्दे हैं। ऐसे में देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था से जनता की अपेक्षा शोर-शराबे की नहीं, बल्कि सार्थक बहस और ठोस समाधान की है। दुर्भाग्य से सत्र शुरू होने से पहले ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं। विपक्ष जहां नीट पेपर लीक, बिहार की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर), शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर सोनम वांगचुक और कॉकरोच जनता पार्टी के अध्यक्ष अभिजीत दीपके के अनशन, परिसीमन और अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं सरकार अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहती है। यह टकराव लोकतंत्र का हिस्सा हो सकता है, लेकिन यदि यह सदन की कार्यवाही को ठप कर दे तो सबसे बड़ा नुकसान देश और जनता का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल विरोध करने की नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह बनाने की भी होती है। यदि नीट पेपर लीक जैसा मामला लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ा है या किसी अन्य विषय पर जनता के मन में सवाल हैं, तो उन्हें संसद में पूरी गंभीरता से उठाया जाना चाहिए। सरकार का भी दायित्व है कि वह इन मुद्दों पर स्पष्ट और संतोषजनक जवाब दे। विपक्ष को भी यह समझना होगा कि लगातार हंगामा, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही बाधित करना लोकतांत्रिक संघर्ष का सबसे प्रभावी तरीका नहीं है। पिछले वर्षों का अनुभव बताता है कि संसद की उत्पादकता घटने से जनता में निराशा बढ़ी है। करोड़ों रुपये का सार्वजनिक धन खर्च होने के बावजूद यदि सदन नहीं चलता, तो इसका सीधा नुकसान करदाताओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। संसद का मंच बहस के लिए बना है, बहिष्कार या व्यवधान के लिए नहीं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना उचित है कि राजनीतिक लाभ चर्चा से मिलता है, हंगामे से नहीं। वहीं, सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि विपक्ष की आवाज दबे नहीं। छोटे दलों को पर्याप्त समय मिले, विधेयकों को जल्दबाजी में पारित न किया जाए और सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हो। यदि सरकार संवाद का रास्ता अपनाएगी तो विपक्ष पर भी रचनात्मक सहयोग का नैतिक दबाव बनेगा। सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों को बुलाने को लेकर विपक्ष का वॉकआउट भी बताता है कि राजनीतिक अविश्वास कितना गहरा हो चुका है। यह अविश्वास तभी कम होगा, जब सरकार सभी दलों के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवहार करेगी तथा विपक्ष भी हर मुद्दे को केवल राजनीतिक संघर्ष का माध्यम बनाने के बजाय जनहित के नजरिए से देखेगा। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधि सदन है। यदि संसद संवाद की जगह टकराव का अखाड़ा बन जाएगी, तो लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत ही कमजोर पड़ जाएगी। कुल मिलाकर मानसून सत्र में सरकार को जवाबदेही, पारदर्शिता और संवाद का परिचय देना होगा, जबकि विपक्ष को अपनी भूमिका जिम्मेदार और रचनात्मक तरीके से निभानी होगी। लोकतंत्र में सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन संसद की कार्यवाही बाधित करना समाधान नहीं हो सकता। इसी तरह सरकार की जिम्मेदारी भी विपक्ष के सवालों का पारदर्शी और तथ्यपूर्ण जवाब देना है। ऐसे में यह मानसून सत्र टकराव का नहीं, बल्कि संवाद, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का अवसर बनना चाहिए।

# शहरी बाढ़ की समस्या से जूझते हमारे शहर



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

बीते 17 जुलाई को सोशल मीडिया में छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में लगातार तेज बारिश की वजह से भारी जलभराव और बाढ़ से संबंधित वीडियो और खबरें खूब वायरल हुई। हालात यह था कि शहर के अनेक हिस्सों में घरों के भीतर घुंटने तक पानी घुस गया वहीं आपदा मोचन बल द्वारा बाढ़ ग्रस्त इलाके के लोगों को मोटरबोट के जरिए सुरक्षित निकालने की तस्वीरें भी सामने आई। शहर के सड़कों और गलियों में पानी का तेज बहाव नजर आया जिससे जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ। भारी बारिश और बाढ़ के कारण सड़क और रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। जिला प्रशासन ने जलभराव और दुर्घटना के आशंका के मद्देनजर स्कूलों में छुट्टी का आदेश जारी कर दिया। अलबत्ता यह हालात भारत के सभी महानगरों और शहरों की है जहां के वाशिंदे हर मौसम में किसी न किसी समस्या से जूझते रहते हैं। हाल ही में इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट 'ईआईयू' ने ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2026 रिपोर्ट जारी किया है जिसमें भारत का कोई शहर रहने लायक शीर्ष 100 शहरों में शामिल नहीं है। इस रिपोर्ट में दुनिया भर के 173 शहरों को नागरिकों के लिए रहने लायक पांच मानकों बुनियादी ढांचा, पर्यावरण और संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता के आधार अध्ययन किया गया। रिपोर्ट में नई दिल्ली 120 वें, मुंबई 121 वें, चेन्नई 123 वें तथा बेंगलुरु 127 वें स्थान पर रहा। इस रिपोर्ट पर गौर करें तो देश की शहरी आबादी गर्मियों के दौरान भीषण पेयजल और गर्मी की समस्या से जूझती है। ठंडी के मौसम में वायु प्रदूषण के चलते शहर "गैस चैंबर" बन जाते हैं जहां दिल्ली सहित अनेक शहरों में हेल्थ इमरजेंसी लगानी पड़ती है। बारिश के मौसम में शहर तालाब बन जाते हैं जहां जलभराव के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

बहरहाल देश के शहरों में मानसून की मूसलाधार बारिश अनेक शहरों के वाशिंदों के लिए आफत के साथ ही जानलेवा भी साबित हो रहा है। भारी बारिश के दौरान सड़कों पर जलभराव के चलते सीवरेज के मैनहोल में गिरने, मकान या दीवार ढहने, बिजली गिरने ,करेंट फैलने, बाढ़ में बहने और भूस्खलन से हर सैकड़ों लोगों की मौतें हो रही है। हाल ही में तेज बारिश के दौरान देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 55 वर्षीय एक दिहाड़ी मजदूर अफजल की ड्रेनेज सिस्टम के खुले मैनहोल में गिरने से मौत हो गई। इसी शहर में साल 2017 में प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. दीपक अमरापुरकर की मौत खुले मैनहोल में गिरने से हुई थी। मुंबई में ही इस साल की बरसात में बीते दिनो तीन मंजिला 'चॉल' ढहने से छह लोगों की मौत हो गई। पुणे में बारिश के कहर ने तीन लोगों की जान ले ली। साल 2024 के तेज बरसात में राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के एक नामचीन कोचिंग सेंटर राउस आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में पानी भरने की वजह से एक छात्र एवं दो छात्राओं सहित तीन युवाओं की मौत हो गई थी। कोलकाता में 2025 में रिकॉर्ड बारिश और बाढ़ से 12 लोगों की मौत हुई थी।



गौरतलब है कि बेतरतीब शहरीकरण के चलते अमूमन हर बारिश में देश के सभी महानगरों और बड़े शहरों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो रहे हैं। लचर ड्रेनेज सिस्टम और अनियोजित विकास के चलते बरसाती पानी घरों में घुस रहे हैं।सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट 'सीएसई' के एक अध्ययन के मुताबिक देश के 66 फीसदी शहरों में खराब शहरी प्लानिंग के कारण बारिश के समय बाढ़ और जलभराव का खतरा रहता है।भारत में शहरीकरण की रफ्तार काफी तेज हुई है लेकिन अनियोजित विकास, बढ़ती जनसंख्या और प्रदूषण के कारण अब हमारे शहर हांफने लगे हैं। गौरतलब है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने साल 2015 में शहरों की शक्ल सुधारने के लिए 'स्मार्ट सिटी मिशन ' शुरू किया था। योजना का उद्देश्य देश के चुनींदा 100 शहरों में बुनियादी ढांचा, गुणवत्तापूर्ण सफाई व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति, प्रदूषण नियंत्रण और नागरिकों को सुरक्षा मुहैया कराना था। विडंबना है कि इक्का-दुक्का शहरों को छोड़ दें तो अधिकांश शहरों में यह योजना प्रशासनिक उदासीनता और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

अलबत्ता शहरी बाढ़ से सिर्फ जनजीवन ही अस्त-व्यस्त नहीं हो रहा है बल्कि इसका असर देश के अर्थव्यवस्था के साथ ही जनस्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। शहरों में जलभराव का असर ट्रैफिक, समानों के आपूर्ति, उत्पादन, पर्यटन, बिजली आपूर्ति, कामगारों के कार्यक्षमता, काम के घंटों, अधोसंरचना नुकसान सहित स्वास्थ्य खर्च पर पड़ता है। इसके अलावा तेज बारिश की वजह से सड़क, रेल एवं हवाई यातायात भी बाधित होता है जो अर्थतंत्र को प्रभावित करता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में शहरी बाढ़ की वजह से हर साल औसतन 14,500 करोड़ का आर्थिक नुकसान होता है। इसके अलावा भारी बारिश तथा बेमौसम बरसात के कारण नुकसान का यह आंकड़ा 1 लाख करोड़ को पार कर जाता है। शहरी जलभराव का सीधा संबंध जनस्वास्थ्य से है दूषित पेयजल और खाद्य सामग्रियों की वजह से एक बड़ी आबादी जलजनित रोग पीलिया, आंत्रशोथ, टायफाइड जैसे रोगों के अलावा मच्छर जनित रोग डेंगू व मलेरिया का शिकार होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बाढ़ के कारण दुनिया भर में होने वाली मौतों में से 20 फीसदी मौत भारत में होती है।

बहरहाल बरसात में शहरों की बदहाली के लिए सीधे तौर पर शहरों का अनियोजित विकास, हरित क्षेत्र का घटना, खराब ड्रेनेज सिस्टम, अंधाधुंध कांक्रीटीकरण, जल निकासी के प्राकृतिक रास्ते पर अतिक्रमण, तालाबों का खत्म होना और कचरा और प्लास्टिक, थर्मोकोल का नालियों में प्रवाह जैसे कारण मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। बेशक इन खामियों के लिए सीधे तौर पर शहरी प्रशासन और आम नागरिक ही जवाबदेह हैं।देश के अधिकांश शहरों के सिवरेज सिस्टम या तो बहुत पुराने हो चुके हैं अथवा इसमें तकनीकी गड़बड़ियां हैं जिसके चलते बारिश के दौरान नाले एवं नालियां जाम हो जाती है। हालांकि इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार हैं जो घरेलू या व्यवसायिक कचरों और प्लास्टिक तथा थर्मोकोल के डिस्पोजेबल सामग्रियों को नालियों में डालते हैं।सड़कों और नालों के निर्माण में तकनीकी खामियां हैं फलस्वरूप बरसाती पानी घरों या व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घुस जाते हैं। अधिकांश शहरों में कांक्रीट के जंगल खड़े हो चुके हैं जिसके चलते भूमिगत जल रिचार्ज की क्षमता घट रही है।

शहरों में तालाब और नदियां बरसाती पानी के संग्रहण का सबसे बड़े स्रोत थे लेकिन पानी के प्राकृतिक बहाव के रास्तों पर निर्माण एवं तालाबों पर अतिक्रमण के चलते बरसाती पानी इन स्त्रोतों में पहुंच ही नहीं पाता फलस्वरूप जलभराव की स्थितियां निर्मित होती है। शहरों में गार्डन और खेलकूद के मैदान बारिश के पानी को सोंखने की क्षमता रखते थे लेकिन आज अधिकांश मैदानों और खुली जगहों पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स तन चुके हैं। शहरों में हरित क्षेत्र और तालाबों के खत्म होने का नतीजा यह हो रहा है कि भूमिगत जल रिचार्ज की क्षमता खत्म हो रही है जिसका नतीजा शहरों में गर्मी के दौरान भीषण पेयजल संकट है।

गौरतलब है कि किसी भी देश के मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब उसका चमचमाता शहर ही होता है।शहर जहां तरक्की, रचनात्मकता और नवीनता का केंद्र होता है वहीं यह अर्थव्यवस्था में प्रगति और रोजगार का जनक भी होता है।शहर ही विकास के इंजन हैं तथा भारत के कुल जीडीपी में शहरों का योगदान 63 फीसदी है जिसके वर्ष 2050 तक 75 फीसदी पहुंचने की उम्मीद है। बिलाशक "विकसित भारत - 2047" लक्ष्य तभी हासिल हो सकता है जब हमारे शहरों का बुनियादी ढांचा विकसित होगा।

लिहाजा इस दिशा में सरकार, शहरी प्रशासन और आम नागरिक सभी को अपने हिस्से की जवाबदेही निभानी होगी। सरकारों को शहरी ढांचा सुधारने के लिए 'स्पंज सिटी ' जैसे मॉडल अपनाने की जरूरत है इसके अलावा वर्षा जल संचयन के लिए तालाबों और नदियों का संरक्षण, हरित क्षेत्र का विकास एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कड़ाई से रोक जैसे फैसलों से ही भारतीय शहरों की सूरत सुधरेगी और रहने लायक बनेंगे।

## नवाचार

ऋतुपर्ण दवे



# एग्रो-होम्योपैथी कृषि क्षेत्र की नई क्रान्ति

होम्योपैथी एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति जरूर है, लेकिन बहुत ही तेजी से लोकप्रिय भी हो रही है। यह रोगी के समग्र स्वास्थ्य जिसमें मानसिक और शारीरिक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करके प्राकृतिक रूप से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की ताकत होती है। होम्योपैथी को एक सुरक्षित चिकित्सा पद्धति माना जाता है, क्योंकि इससे कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होते हैं। यही होम्योपैथी यदि कृषि के क्षेत्र में भी उपयोगी साबित हो तो इसे किसी चमत्कार से कम नहीं कहा जा सकता। इन दिनों दुनिया भर में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर न केवल बड़े-बड़े शोध चल रहे हैं बल्कि तेजी से उपयोग भी बढ़ रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। कृषि क्षेत्र में इसका सफल प्रयोग कई दशकों से हो रहा है। इसकी शुरुआत हालांकि शौकिया तौर पर हुई, लेकिन जब इसके फायदे नजर आने लगे तो तेजी से शोध और परीक्षण भी होने लगे और लोगों की इसको लेकर उत्सुकता भी बढ़ी। अब नतीजे भी दिखने लगे हैं। होम्योपैथी दवाओं के टिंचर की कुछ बूंदें थोड़े से पानी में मनुष्यों को देकर यह विश्वास उत्पन्न किया जाता है कि यह बीमारी की जड़ तक पहुंचकर उसका समाधान करता है। बस यही फॉर्मूला कृषि क्षेत्र में भी अपनाया जा रहा है। वास्तव में होम्योपैथिक दवाएं बैक्टीरिया या कीटों को सीधे नहीं मारकर,पौधों की अपनी जैविक प्रणालियों को प्रभावित करती है जिससे वो अपना प्राकृतिक रक्षा तंत्र,जरूरत के हिसाब से विकसित और सक्रिय कर पाते हैं। एग्रीकल्चर सेक्टर में होम्योपैथी का उपयोग उसी सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें किसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए धीरे-धीरे डायल्यूट दवाओं से किसी बीमारी को काबू किया जाता है, जिससे वह जड़ से ही समाप्त हो जाती है। यह पौधों की आनुवंशिक गतिविधियों और चयापचय यानी मेटाबॉलिज्म में परिवर्तन की प्रक्रिया को प्रेरित कर सकता है। इससे रक्षा प्रणालियां सक्रिय होती हैं। देश में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर पुडुचेरी प्रयोग खासा सफल और चर्चाओं में है। श्री अरबिंदो सोसाइटी (एसएएस) की अगुवाई में एक नई पहचान बन रही है। एग्रो-होम्योपैथी से दोहरा लाभ भी सामने आया। जहां पानी की खपत घटी और इस कारण भूजल स्तर भी बढ़ा। 2018 में शुरू हुई आहार परियोजना में कृषि क्षेत्र में होम्योपैथी के उपयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए शुरू हुए इस प्रोजेक्ट की सफलता का अंदाजा इसी से लगता है कि कुछ ही समय में इसे नाबार्ड और उसके बाद टाटा ट्रस्ट का समर्थन मिला। वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद जब यह फॉर्मूला खेतों में पहुंचा तो वहां भी बेहद असरकारक रहा। पहले भिंडी उसके बाद धान की उपज में काफी सकारात्मक परिणाम आए। इससे मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ी जिससे रसायनों पर निर्भरता घटी। सर्वविदित है कि खेतों में उर्वरकों का छिड़काव करने से मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को नुकसान होता है, लेकिन कृषि-होम्योपैथी के मिश्रण ने पत्तियों को नई जान तो दी, साथ ही पौधों की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। शोधकर्ताओं ने कृषि-होम्योपैथी की लागत को बेहद सस्ती पाया। पहले जहां कृषक 20 से 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर रसायनों पर व्यय करता था, वहीं होम्योपैथिक दवाओं पर केवल 700 रुपये प्रति हेक्टेयर ही खर्च कर और भी बेहतर परिणाम हासिल करने लगा। यह कमाल ही था जो होम्योपैथिक दवाओं की चंद मिलीमीटर दवाओं ने सैकड़ों लीटर पानी में घुले रसायनों पर भारी पड़ कर असर दिखाया। इससे खेती में हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल रुकने से फसल की चमक और पुष्टता भी बेहतर हुई, जिससे किसानों को उपज की अच्छी कीमत मिलने लगी। होम्योपैथी दवाएं वनस्पतियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को जबरदस्त बढ़ाती हैं। इससे वनस्पतियां, फसल होने वाली बीमारी को अपने आप ठीक कर लेते हैं। एग्रो-होम्योपैथी में अलग-अलग और बेहद सस्ती चंद मिलीमीटर दवाएं बीजों के अंकुरण से लेकर रोगों से बचाव और फूलने-फलने को बेहतर बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। ये दवाएं कीट प्रबंधन की दिशा में भी काफी सफल हैं। यहां तक कि फसल में वायरस या बैक्टीरिया के दुष्प्रभावों पर भी असरकारक हैं। वह दिन दूर नहीं, जब निरंतर शोध और प्रयोगों के बाद एग्रो-होम्योपैथी की भी ढेरों और अलग-अलग शाखाएं बनना तय है। यह भविष्य का वृहद कृषि पारिस्थितिकी तंत्र होगा। इसमें भी उपचारों की अलग-अलग विधियां होंगी। इतना तो तय है कि रसायनों और उर्वरकों के बोझ से आहत मिट्टी को यदि कोई नया जीवन और जहरीले तत्वों से मुक्ति दिलाएगा तो वह भविष्य का एग्रो-होम्योपैथी सेक्टर होगा। वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी की नई शाखा यानी एग्रो-होम्योपैथी जल्द ही अपनी शानदार धमक दिखाने को तैयार है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।


## गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर



संकलित
प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रेलवे के विकास को रफ्तार

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कुछ रेल्वे स्टेशन के आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण रेलवे स्टेशन को आमजन को समर्पित किया। यह रेलवे स्टेशन आधुनिक जैसी सुविधाओं वाला हो गया। इससे छत्तीसगढ़ के लोगों को बहुत ज्यादा फायदा होगा। केंद्र सरकार रेलवे को विकास की पटरी पर दौड़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है और उम्मीद है कि सरकार देश के सभी रेलवे स्टेशनों की काया पलट देगी। हर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हर सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार ने रेलवे का विस्तार शुरू किया है। अब तो यहां के लोगों को भी आधुनिक और नई तकनीक की ट्रेन वंदे भारत की सौगात मिली है। इसके साथ ही हाइड्रोजन ट्रेन भी विकास को दर्शाती है।

*- संकेत चौहान, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# अमेरिका में मराठी कला मंडल की 51वीं वर्षगांठ मनाई गई



अमेरिका में आयोजित मराठी कला मंडल की 51वीं वर्षगांठ के समारोह में अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम हाथ में केसरिया ध्वज लेकर पारंपरिक नृत्य करते नजर आए और उन्होंने भारतीय समुदाय से अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस समारोह में प्रवासी भारतीय समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। वर्जीनिया के 10वें डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सुब्रमण्यम ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पारंपरिक शोभायात्रा में भी हिस्सा लिया। शनिवार को समारोह की शुरुआत पारंपरिक ढोल-ताशे की गूंज के बीच निकली इस शोभायात्रा से हुई। वर्जीनिया से अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर और मिशिगन से कांग्रेस सदस्य श्री थानेदार ने समारोह के लिए अपने बधाई संदेश भेजे, जिन्हें वर्जीनिया के लीसबर्ग में आयोजित कार्यक्रम में पढ़कर सुनाया गया। सुब्रमण्यम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'जब आप अपने देश से दूर किसी दूसरे देश में रहते हैं, तब अपनी परंपराओं को जीवित रखना आसान नहीं होता। लेकिन हमारी परंपराएं बेहद महत्वपूर्ण हैं और अगली पीढ़ी ही इन्हें आगे बढ़ाएगी।' उन्होंने कहा, मैं आप सभी का आभारी हूं कि आप हमारे समुदाय को अपनी समृद्ध परंपराओं और अपने उत्कृष्ट कार्यों से परिचित करा रहे हैं।

## ऑफ बीट

# आज सबसे बड़ी चुनौती बन रहे 'सूक्ष्म प्लास्टिक कण'



सूक्ष्म प्लास्टिक कण (माइक्रोप्लास्टिक) आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। ये समुद्रों, पीने के पानी, समुद्री भोजन और हमारी सांसों की हवा में तो पहले ही मिल चुके हैं। अब ये मानव शरीर के लगभग हर हिस्से- प्लेसेंटा (गर्भनाल) से लेकर मस्तिष्क तक में भी पाए जा रहे हैं। एक नए अध्ययन ने इस सूची में एक और अंग जोड़ दिया है- हृदय को रक्त पहुंचाने वाली कोरोनरी धमनियां। हालांकि कोरोनरी रक्त में सूक्ष्म प्लास्टिक कण का मिलना चिंता का विषय है, लेकिन अध्ययन का सबसे दिलचस्प निष्कर्ष प्लास्टिक नहीं, बल्कि यह है कि ये वहां तक पहुंच कैसे रहे हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि धूम्रपान करने वाले लोगों में, धूम्रपान न करने वालों की तुलना में हृदय को रक्त पहुंचाने वाली धमनियों में सूक्ष्म प्लास्टिक और अति सूक्ष्म प्लास्टिक कण पाए जाने की आशंका छह गुना अधिक थी। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह रही कि जो लोग धूम्रपान करते थे और साथ ही अत्याधिक प्रदूषित माहौल में रहे, उनमें से हर व्यक्ति के रक्त में प्लास्टिक के कण पाए गए। इसके विपरीत, जो लोग न तो धूम्रपान करते थे और न ही अधिक प्रदूषित माहौल में रहते थे, उनमें केवल 12 .5 प्रतिशत लोगों के रक्त में ऐसे कण मिले।

## ट्रेंड

### युवा अचीवर्स को बधाई



ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित इंटर नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड और विलनियस, लिथुआनिया में आयोजित इंटरनेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले हमारे होनहार युवा अचीवर्स को हार्दिक बधाई।

**- राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### वांगचुक को उठाना गलत



मोदी सरकार के मुख्य सिद्धांत असत्य और हिंसा हैं। सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाना, जबकि वे अहिंसक भूख हड़ताल पर थे, गलत है। पेपर लीक, शिक्षा की बढ़ती लागत और छात्रों की आत्महत्या भारत के भविष्य के लिए गंभीर मुद्दे हैं।

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### सरप्लस राज्य



हम बिजली के मामले में सरप्लस (अतिरिक्त उत्पादन करने वाले) राज्य हैं। कुछ दिन पहले पंजाब के साथ समझौता हुआ है। हम तीन साल तक पंजाब को बिजली की सप्लाई करेंगे। चंडीगढ़ में हमारी 7.19% हिस्सेदारी है। हम अपने अधिकार हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

**-सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### बौद्धिक क्षमता का परचम



देबदत्त प्रियदर्शी, हर्षित सिंघल, कबीर चिल्लर और संदीप कुची ने 58वें इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतकर ग्लोबल मंच पर भारत की बौद्धिक क्षमता का परचम लहराया है। चारों गोल्ड मेडल विजेताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## बाढ़ और भूस्खलन ने मची तबाही, सुरनकोट रहा सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र

# एक रात की मूसलाधार बारिश ने उजाड़ दिए कई घर, 11 लोगों की मौत, कई मकान मलबे में दबे और परिवार का अता-पता ही नहीं

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में भारी बारिश ने काफी तबाही मचा दी है। शनिवार देर रात से रविवार सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। कम से कम 4 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 3 बच्चे भी हैं। जिले की सुरनकोट तहसील में बारिश का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। यहां कई घर भूस्खलन की चपेट में आ गए। मालिक मोहम्मद लतीफ और उनके परिवार के 5 अन्य सदस्य लापता हो गए।



### कई गांवों में मौत और तबाही

संगलेयानी गांव में मकान गिरने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वहीं मरहोट गांव में इरम नाम की नाबालिग लड़की तेज बहाव वाले नाले में बह गई और उसकी मौत हो गई। धुंधक लठूंग पुल के पास एक नाले से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है।




### मड़ा गांव में रेस्क्यू ऑपरेशन तेज

सुरनकोट तहसील के मड़ा गांव में क्षतिग्रस्त मकान से शवों को निकालने का काम जारी है। मलबे से 8शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि गांव में अभी भी 6लोगों के लापता होने की सूचना है।प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में बचाव दल तैनात कर दिए हैं।

### डीसी और एसएसपी ने संभाली स्थिति

पुंछ के उपायुक्त अशोक कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शफकत हुसैन ने घटनास्थलों का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया।प्रशासन, पुलिस और सेना की संयुक्त टीमें लगातार प्रभावित इलाकों में अभियान चला रही हैं।

### शाह ने की उपराज्यपाल और सीएम से बात, मदद का भरोसा दिया



अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से फोन पर बात की है। गंभीर हालात और राहत कार्यों की समीक्षा के लिए यह बातचीत की।शाह ने राज्य प्रशासन को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का पूरा आश्वासन दिया है ताकि प्रभावित लोगों की सुरक्षा और बचाव अभियान तेजी से चलाया जा सके।

### नगालैंड में भी कई जगह भूस्खलन, आठ लोगों की मौत, बारह लोग हुए घायल




**मोन ।** नगालैंड के मोन जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच रविवार सुबह हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम 8लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। डिफेंस कॉलोनी क्षेत्र में हुए इस हादसे में 10 से 15 मकान, जिनमें 13 घर पूरी तरह प्रभावित बताए जा रहे हैं, मलबे में दब गए।

### अब तक 4 शव निकाले गए

उपायुक्त वेन्येई कोन्याक ने कहा कि अब तक 4 शव बरामद किए गए हैं और 4 अन्य लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं। उन्होंने बताया कि कई लोगों के अभी भी मलबे में फंसे होने की आशंका है और उनकी तलाश जारी है। सबसे अधिक प्रभावित इलाके मोन टाउन और तिजित हैं। एसडीआरएफ,एनडीआरेफ पुलिस, असम राइफल्स की टीमें और स्थानीय लोग खोज और बचाव अभियान में लगे हुए हैं। 12 अन्य लोग घायल हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### टाटा-हावड़ा स्टील एक्स पर टूटा इलेक्ट्रिक तार



**सिंहभूम।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में रविवार सुबह टाटा-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस के साथ रेल हादसा टल गया। गालूडीह थाना क्षेत्र में स्वर्णरेखा नदी पर बने पुल के पास ट्रेन पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक तार टूटकर कोच की छत पर गिर गया, जिससे ट्रेन बीच पुल पर ही रुक गई। फिलहाल इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### एआई से बनाई ओएमआर शीट तो खैर नहीं: एनटीए



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट उम्मीदवारों और उनके माता-पिता के लिए एक बेहद सख्त एडवाइजरी जारी की है। अगर कोई भी छात्र अपने नंबरों को लेकर शिकायत दर्ज कराते वक्त फर्जी या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनाई गई ओएमआर शीट जमा करता है,तो सीधा कानूनी एक्शन लिया जाएगा।

### डॉक्टर से मारपीट, शिवसेना पार्षद का सरेंडर



**मुंबई।** महाराष्ट्र के एक अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ सरेआम मारपीट करने के आरोपी शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे ने रविवार को आखिरकार पुलिस के सामनेसरेंडर कर दिया है। यह कदम उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से उनकी जमानत रद्द किए जाने के ठीक एक दिन बाद उठाया है।हाईकोर्ट ने शनिवार को म्हात्रे की जमानत खारिज कर दी थी।

### माओवादी ठिकाने से हथियार, कारतूस बरामद



**लातेहार (झारखंड)।** झारखंड पुलिस ने लातेहार जिले में माओवादियों के एक ठिकाने से हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार माओवादी रवींद्र गंझू से मिली सूचना के आधार पर एक एके-56 राइफल, दो मैगजीन और 90 कारतूस बरामद किए गए हैं।

## मानसून सत्र में हंगामे के तगड़े आसार: सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे को पटखनी देने की जुगत में

# नीट पेपर लीक, प्रधान के इस्तीफे, राम मंदिर चढ़ावा चोरी, बागी सांसदों के मुद्दे पर विपक्ष रहेगा हमलावर

» *विपक्ष के तीरों को कुंद करने की तैयारी में जुटे सरकार के सिपहसालार*

» *कॉकरोच जनता पार्टी का संसद कूच आज, जंतर मंतर पर युवाओं की भारी भीड़*

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली



संसद का मानसून सत्र आज सोमवार से शुरू हो रहा है। इस सत्र के दौरान कई मुद्दों को लेकर संसद में भारी हंगामा होने के आसार है। विपक्ष पुरजोर तरीके से सत्तापक्ष पर हमलावर रूख अख्तियार करेगा ऐसी संभावना है। फ्लोर लीडर्स की बैठक में शामिल हुए विपक्षी दलों ने जिस एकजुटता के साथ बैठक से वॉकआउट किया उससे यह संभावना और ज्यादा बढ़ गयी है कि मानसून सत्र की बैठक सुचारू रूप से चलनी मुश्किल होंगी। ज्ञात हो कि कुछ विपक्षी दलों में टूट के कारण बने नए राजनीतिक समीकरणों के बीच संसद का नया सत्र शुरू होने जा रहा है।

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने सभी विपक्षी दलों से सहयोग की अपील की है पर इस बार नीट पेपर लीक धरना, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, राम मंदिर चढ़ावा चोरी और बागी सांसदों के मुद्दें से लेकर बेरोजगारी, ई 20 पट्रोल और अमेरिका का भारत के प्रति कठोर सहित कई मसलों पर सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव हो सकता है।

कॉकरोच जनता पार्टी के जंतर मंतर पर चल रहे धरने से सोनम वांगचुक को जबरन हटाने को लेकर भी विपक्ष सरकार पर हमला बोलेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी ने संसद की तरफ कूच का ऐलान किया हुआ है। कई विपक्षी नेता धरने पर जाकर सरकार को अलोकतांत्रिक बता चुके हैं। सोमवार को सरकार कूच करने वाले युवाओं से कैसे निपटती है इस पर भी जनता की निगाह रहेगी। विपक्षी दल परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक पर कड़ा रूख अपनाते दिख सकते हैं। परिसीमन संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को हालांकि अभी तक विधायी एजेंडे में शामिल नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार, सरकार के भी 'आक्रामक रुख' अपनाने की संभावना है और मानसून सत्र के दौरान उसकी 'प्राथमिकता' विधेयकों को पारित कराने की होगी। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस को हालांकि भरोसा है कि 'इंडिया' गठबंधन के दल इस विधेयक का विरोध जारी रखेंगे।

सरकार निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को लागू करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल करने के प्रयास में सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। शरद पवार की एनसीपी समेत कुछ विपक्षी दल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यदि परिसीमन मसौदा कानून में राज्यों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रावधान किए जाते हैं, तो वे सरकार के इस कदम के लिए तैयार हो सकते हैं। अप्रैल में हुए विशेष सत्र में खारिज हुए 131वें संविधान संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करने वाले द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने भी कहा है कि वह नये मसौदे की समीक्षा करने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देगी।

### टीएमसी ने उठाए सवाल: किस आधार पर बुलाया गया?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा एनसीपीआई बनाने वाले 20 बागी टीएमसी सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था को मंजूरी दिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने यह वॉकआउट किया था। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सरकार के इस कदम पर तीखे सवाल उठाए। महुआ ने कहा कि स्पीकर ने अब तक इन बागी सांसदों के विलय को मंजूरी नहीं दी है और उनके खिलाफ अयोग्यता की याचिकाएं अभी भी लंबित हैं। उन्होंने तर्क दिया कि टेबल ऑफिस द्वारा दी गई सूची में टीएमसी के सदस्यों की संख्या कुछ और बताई है। उन्हें किस आधार पर आमंत्रित किया?

#### एनसीपीआई का तर्क

टीएमसी की आपत्तियों के बीच एनसीपीआई नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने पार्टी की भागीदारी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि पार्टी सरकार की ओर से आमंत्रण मिलने के बाद ही इस बैठक में शामिल हुई है। रिजिजू ने 19 अन्य लोकसभा सांसदों को मानसून सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक सर्वदलीय बैठक के लिए आमंत्रित किया था।

#### पटनायक की नसीहत
#### पेपर लीक पर छात्रों से संवाद करे सरकार



बीजू जनता दल (बीजेडी) के प्रमुख नवीन पटनायक ने केंद्र सरकार से परीक्षा में कथित गड़बड़ियों का विरोध कर रहे छात्रों से बातचीत शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद में गंभीर चर्चा होनी चाहिए। सीजेपी परीक्षा में कथित गड़बड़ीके विरोध में दिल्ली में प्रदर्शन कर रही है।

#### डीलिमिटेशन बिल का समर्थन करेगी डीएमके



सर्वदलीय बैठक में परिसीमन बिल को लेकर डीएमके का रुख चर्चा का विषय बन गया। आरएसपी सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने दावा किया कि डीएमके ने बिल का समर्थन किया है। हालांकि, सांसद तिरुची शिवा ने साफ कहा कि सरकार ने अभी तक कोई स्पष्ट प्रस्ताव पेश नहीं किया है ।और पार्टी को इस मुद्दे पर सरकार से और स्पष्टता चाहिए। डीएमके ने बैठक में कहा कि महिला आरक्षण को मौजूदा लोकसभा सीटों की संख्या के आधार पर ही तुरंत लागू किया जाना चाहिए।

#### जयराम ने साफ की तस्वीर-परिसीमन बिल का समर्थन नहीं करेंगे



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने परिसीमन बिल को लेकर कहा कि कांग्रेस इस विधेयक का समर्थन नहीं कर रही है। जयराम ने चैनल पर दिखाई जा रही खबरों निराधार बताते हुए उन मीडिया हाउसों को आड़े हाथों लिया जो विपक्ष के रुख को लेकर गलत दावे कर रहे हैं। उन्होंने एक्स लिखा, कुछ चैनल फैलाई गई ये खबर दिखा रहे हैं कि कांग्रेस ने बैठक में विधेयक का समर्थन किया है।

## कोर्ट से अभिषेक को आंशिक राहत

# पार्टी ऑफिस को गिराने पर रोक, यथास्थिति बनाए रखें

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के दक्षिण 24 परगना जिले के आमतला स्थित डायमंड हार्बर संसदीय क्षेत्र के कार्यालय को गिराने की कार्रवाई पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने रविवार को मामले की विशेष सुनवाई करते हुए जुलाई महीने के अंत तक भवन को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी ने रविवार को विशेष बैठक के दौरान राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह आमतला स्थित इस भवन से जुड़े सभी दस्तावेज अदालत में पेश करे। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई नियमित पीठ के समक्ष होगी। यह भवन 'लीप्स एंड बाउंड्स' कंपनी का बताया जा रहा है।

#### अभिषेक ने बताया था वैध निर्माण

अभिषेक ने प्रशासन के दावों को खारिज करते हुए कहा था कि यह उनका संसदीय क्षेत्र का कार्यालय है। उनका कहना है कि भवन खरीदी गई जमीन पर बनाया गया है और इसके लिए सभी जरूरी सरकारी अनुमति ली गई थी। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई को अनुचित बताया था।अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद जुलाई के अंत तक भवन पर किसी तरह की तोड़फोड़ नहीं की जाएगी।

# अब सरकारी स्कूलों का होगा मूल्यांकन, सच पोर्टल लॉन्च

## मुख्यमंत्री सैनी ने विद्यालय प्रबंधन समितियों से किया संवाद



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और जनभागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि खंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्यालय प्रबंधन समितियों (एसएमसी) को 10 लाख रुपये का विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह राशि संबंधित स्कूल के विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। उत्कृष्ट समितियों का चयन स्कूलों के मूल्यांकन के लिए शुरू किए गए 'सच' पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को हरियाणा निवास, चंडीगढ़ से प्रदेशभर की सरकारी स्कूलों की विद्यालय प्रबंधन समितियों के साथ राज्यस्तरीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों के मूल्यांकन के लिए 'सच' पोर्टल का शुभारंभ भी किया। उन्होंने घोषणा की कि विद्यालय प्रबंधन समितियों को पेयजल टैंक, शौचालय, चारदीवारी और अन्य जरूरी मरम्मत जैसे छोटे विकास कार्यों के लिए एक लाख रुपये तक खर्च करने का अधिकार दिया जाएगा।

## हैदराबाद में हैरान करने वाला मामला सामने आया

**पुलिस ने शव बरामद किया**

# नग्नावस्था में मंदिर से महिला इंजीनियर देवी की मूर्ति लेकर तालाब में कूद गई

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



यहां एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। 25 साल की एक युवती ने नग्न अवस्था में मंदिर में प्रवेश किया। वह देवी अम्मावरु की मूर्ति उठाकर भागी और पास के तालाब में कूद गई। पुलिस ने तालाब से युवती का शव बरामद कर लिया है, लेकिन पुलिस गोताखोरों की मदद से मूर्ति की तलाश कर रही है, जिसे महत्वपूर्ण सबूत माना जा रहा है।

#### मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी वह

जांच में सामने आया है कि मृत युवती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। वह पहले बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करती थी। इसके बाद वह विशाखापत्तनम में रहने लगी थी। युवती के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था। इस वजह से उसके पिता विशाखापत्तनम में रहते हैं, जबकि उसकी मां हैदराबाद के पीरजादिगुडा में रहती थीं। युवती और उसकी मां दोनों ही भय और डर से ग्रस्त थीं।

#### घटना से पहले मां को कमरे में किया बंद

पुलिस ने बताया कि घटना से पहले 17 जुलाई को युवती अपनी मां के साथ मियापुर में एक फ्लैट देखने गई थी। वे वहां दो बेडरूम का अपार्टमेंट खरीदने की योजना बना रही थीं। घर लौटने के बाद दोनों अपने-अपने कमरों में सोने चली गईं। इसके बाद युवती ने अपनी मां के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। फिर वह नग्न अवस्था में मंदिर गई और वहां से मूर्ति लेकर तालाब में कूद गई।



### 22 को होगी श्री राम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक

**अयोध्या।** अयोध्या से एक बड़ी खबर है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 22 जुलाई को शाम 4 बजे अयोध्या में ट्रस्टियों की एक बैठक बुलाई है। ट्रस्टी एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट पर चर्चा करेंगे और विभिन्न समितियों का पुनर्गठन करेंगे और ट्रस्ट की पिछली बैठकों की कार्यवाही को मंजूरी देंगे। चढ़ावे में चोरी का मामला सामने आने के बाद देशभर में काफी हंगामा हुआ था और ट्रस्ट को लेकर सवाल खड़े हुए थे।

## कोलकाता में शब्द संग्रहालय के उद्घाटन पर बोले गृहमंत्री शाह

# किसी भी राष्ट्र या क्षेत्र की संस्कृति और अभिव्यक्ति भाषा के बिना संभव नहीं

### चेतना का वैश्विक प्रकाशस्तंभ रहा बंगाल, सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवन मिलेगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता के राष्ट्रीय पुस्तकालय में नव-निर्मित शब्द संग्रहालय के पहले चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की संस्कृति के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि प्रधानमंत्री देश की सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के संकल्प में अहम मील का पत्थर स्थापित कर रहे हैं। शाह ने इस बात पर बल दिया कि किसी भी राष्ट्र या क्षेत्र की संस्कृति और उसकी अभिव्यक्ति भाषा के बिना संभव नहीं है और भाषा स्वयं भावनाओं से जन्में शब्दों के बिना अस्तित्व में नहीं रह सकती।

#### हमारी भावी पीढ़ियों को समझना होगा

उन्होंने कहा कि जब तक हमारी भावी पीढ़ियां इस यात्रा को नहीं समझेंगी, तब तक देश का सांस्कृतिक पुनरोद्धार वास्तव में नहीं हो सकता। शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि यह शब्द संग्रहालय सांस्कृतिक पुनरुत्थान की इस प्रक्रिया में एक मौलिक आवश्यकता को पूरा करेगा और अपने मिशन में सफल होगा। यह संग्रहालय हमारी भाषा और संस्कृति की गहराई को समझने में अहम होगा। **कानून व्यवस्था पर की बड़ी बैठक:** शाह ने बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी के साथ राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की। राज्य की सीमा बांग्लादेश के साथ 2,217 किमी लंबी है और इसकी सीमाएं नेपाल और भूटान से भी लगती हैं।

## थाना कैंट क्षेत्र के गुप्तारघाट का बताया जा रहा मामला

**मर्यादा आस्था से खिलवाड़**

# सरयू नदी की धारा में नाव पर बीयर मटन पार्टी का वीडियो आया सामने

» *नाराज लोगों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की*



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां पवित्र सरयू नदी के बीच नाव पर कथित रूप से बीयर और मटन पार्टी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो थाना कैंट क्षेत्र के गुप्तारघाट का है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु मां सरयू में स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। वायरल वीडियो में चार युवक नाव पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। उनके सामने बीयर की कैन और मांसाहारी भोजन होने का दावा किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर इसे मां सरयू की मर्यादा और श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है।

#### गुप्तारघाट का बताया जा रहा यह वीडियो

स्थानीय लोगों के अनुसार वीडियो में दिखाई दे रहे युवक गुप्तारघाट क्षेत्र के ही निषाद समुदाय से जुड़े बताए जा रहे हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। फिलहाल वीडियो की सत्यता, स्थान और इसमें शामिल लोगों की पहचान की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। यदि जांच में वीडियो गुप्तारघाट का और उसमें किए जा रहे कृत्य की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

## देश में कोरोना के आरएफ.5 वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता

# इस माह 339 लोग संक्रमित मिले और 4 लोगों की मौत

### मुंबई और आंध्र प्रदेश में फिलहाल सबसे ज्यादा देखा जा रहा प्रभाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

करीब दो साल तक काफी शांत रहने के बाद भारत में कोविड-19 एक बार फिर सुर्खियों में है। 1-16 जुलाई के बीच भारत में करीब 339 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई।

मुंबई और आंध्र प्रदेश में फिलहाल कोरोना को लेकर सबसे ज्यादा हलचल देखी जा रही है। आंध्र प्रदेश में अब तक 16 कोविड-19 मामलों और 4 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। 16 में से 12 मामले 16 जुलाई तक सामने आए थे। यहां चार लोगों के पॉजिटिव सैंपल में ओमिक्रॉन के आरएफ.5 वैरिएंट की पहचान की गई है।

**2 साल रहा शांत, अब फिर बना घातक**



#### स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ाई

ओमिक्रॉन के इस सब-वेरिएंट के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। जीनोम सीक्वेंसिंग में कडप्पा जिले के कोविड-19 संक्रमित सैंपल में इस वेरिएंट की पहचान हुई है। बताया जा रहा कि ये वैरिएंट ओमिक्रॉन फैमिली का ही हिस्सा है और दुनियाभर में पहचाने गए कई ओमिक्रॉन सब-लीनिएज में से एक है।

#### नए वेरिएंट की लैब में हुई पुष्टि

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कडप्पा जिले मेंकोरोना के 4 सैंपल पुणे की एक वायरोलॉजी लैब में भेजे गए थे। इसमें ओमिक्रॉन वैरिएंट के आरएफ .5 सब-लीनिएज की मौजूदगी मिली।आंध्र प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सत्य कुमार यादव ने कहा कि 4 कोविड-19 पॉजिटिव सैंपल में ओमिक्रॉन आरएफ .5 वैरिएंट की मौजूदगी की पाई गई है।

#### विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा घबराने की जरूरत नहीं

विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है। आरएफ .5, ओमिक्रॉन परिवार का ही एक सब-लाइनिएज है। अभी तक ऐसा कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है कि यह पहले से मौजूद ओमिक्रॉन वैरिएंट्स की तुलना में अधिक गंभीर बीमारी, ज्यादा मौत या अस्पताल में भर्ती होने का जोखिम पैदा करता है।

## खबर संक्षेप

### अगले सप्ताह आएंगे चार सार्वजनिक निर्गम



**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह प्राथमिक बाजार में गतिविधियां तेज रहने की उम्मीद है। इस दौरान चार सार्वजनिक निर्गम खुलने जा रहे हैं, जिनमें क्यूब हाइवेज ट्रस्ट का इनविट और इंडो एमआईएम, लोहिया कॉर्प तथा एक्स्ट्रानेट टेक्नोलॉजीज के आईपीओ शामिल हैं। क्यूब हाइवेज ट्रस्ट का 5,000 करोड़ रुपये का इनविट सार्वजनिक निर्गम 22 जुलाई को खुलेगा और 24 जुलाई को बंद होगा।

### नियमों का पालन न करने पर मुथूट व अन्य पर जुर्माना

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने घोषणा की कि उसने नियामकीय नियमों का पालन न करने के लिए छह कंपनियों पर जुर्माना लगाया है। इनमें गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी मुथूट फाइनेंस भी शामिल है। आरबीआई की अधिसूचना के अनुसार, सेंट्रल बैंक ने मुथूट फाइनेंस पर 5.80 लाख रुपये, सत्य माइक्रोकैपिटल और पैन एमामी कॉस्मेड पर 3.10-3.10 लाख रुपये, धनी लोन्स एंड सर्विसेज और मुथूट व्हीकल एंड एसेट फाइनेंस पर 2.70-2.70 लाख रुपये और अवेल फाइनेंशियल सर्विसेज पर 6.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

### मेकमाईट्रिप का सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा



**नई दिल्ली।** अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध यात्रा बुकिंग मंच ''मेकमाईट्रिप'' ने कहा कि उसने अपनी भारतीय अनुषंगी कंपनी के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास गोपनीय तरीके से दस्तावेज जमा किए। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ने सेबी के पास अपना गोपनीय मार्ग से दस्तावेज जमा किए।

## कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का सराफा पर रहेगा असर

# अमेरिका-ईरान तनाव से सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव की आशंका : विश्लेषक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है।

निवेशक अमेरिकी साप्ताहिक बेरोजगारी दावों और प्रारंभिक पीएमआई जैसे महत्वपूर्ण आंकड़ों के साथ ही यूरोप और चीन के मौद्रिक नीति फैसलों तथा प्रमुख आर्थिक संकेतकों पर भी नजर रखेंगे। इनसे वैश्विक ब्याज दरों की दिशा को लेकर संकेत मिल सकते हैं। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने रविवार को ईरान के खिलाफ नए हवाई हमले किए, जिससे पहले से तनावपूर्ण पश्चिम एशिया की स्थिति और गंभीर हो गई है।

### बाजार का ध्यान खाड़ी युद्ध पर

*जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में जिंस एवं मुद्रा शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, /"माह के अंत में होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले सोने में गिरावट का दौर जारी है। हालांकि, बाजार का ध्यान अमेरिका और ईरान के बीच घटनाक्रम पर बना रहेगा।/"*

### सोने में पिछले सप्ताह दो फीसदी गिरावट

*मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त की आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 2,572 रुपये यानी करीब दो प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.40 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, सितंबर अनुबंध वाली चांदी 6,261 रुपये यानी 2.8 प्रतिशत टूटकर 2.16 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।*

### चीन की मौद्रिक नीति फैसलों पर निवेशकों ही होगी नजर
### फेड की बैठक से पहले सोने में गिरावट का दौर जारी रहेगा



### कारोबारी मुनाफावसूली को प्राथमिकता दे रहें

*एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक-जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लंबे समय तक ब्याज दरें ऊंची बने रहने की संभावना के कारण सोने में गिरावट का दौर जारी रहा। उन्होंने कहा कि सोने में हर तेजी पर नई बिकवाली देखने को मिली, जिससे संकेत मिलता है कि कारोबारी नई खरीदारी करने के बजाय मुनाफावसूली को प्राथमिकता दे रहे हैं।*

### रुपए में मामूली सुधार से सोने को बल

त्रिवेदी ने कहा कि रुपये में मामूली सुधार से भी सोने को ज्यादा बल नहीं मिला, क्योंकि मजबूत डॉलर का दबदबा बना रहा। वैश्विक बाजार में पिछले सप्ताह कॉमेक्स सोना वायदा 95 डॉलर यानी 2.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,018.8 डॉलर प्रति औंस रह गया।

### अमेरिका-चीन के तनाव से सोने की मांग बढ़ेगी

*मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वार्श की सख्त मौद्रिक नीति संबंधी टिप्पणियों ने अमेरिका में नरम मुद्रास्फीति के आंकड़ों के प्रभाव को कम कर दिया है। इससे कड़ी मौद्रिक नीति जारी रहने की संभावना मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच किसी नए तनाव से सोने की मांग फिर बढ़ सकती है।*

### अमेरिकी बांड पर प्रतिफल बढ़ने से मांग प्रभावित

*वहीं, न्यूयॉर्क में चांदी करीब चार डॉलर यानी 6.4 प्रतिशत टूटकर 56.32 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई। मेर ने कहा कि शुक्रवार को सोने और चांदी में सुधार जरूर आया, लेकिन पूरे सप्ताह दोनों की कीमतें गिरावट के साथ बंद हुईं। कच्चे तेल की कीमतों में आपूर्ति बाधित होने की आशंका से 14 प्रतिशत से अधिक की तेजी और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से सोने की मांग प्रभावित हुई।*



### पीएनबी का बहुभाषी एआई बैंकिंग के लिए डिजिटल इंडिया भाषिणी से करार

**नई दिल्ली।** भारत के बड़े पब्लिक सेक्टर बैंकों में से एक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने नई दिल्ली के द्वारका में अपने कॉर्पोरेट ऑफिस में डिजिटल इंडिया भाषा डिवीजन (डीआईबीडी) के साथ एक (एमओयू) साइन किया। (एमओयू) को (पीएनबी) के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री एम. परमशिवम; डिजिटल इंडिया भाषाई डिवीजन ( (डीआईबीडी) के (सीईओ) श्री अमिताभ नाग; और (पीएनबी) के डिजिटल बैंकिंग ट्रांसफॉर्मेशन डिवीजन (डीबीटीडी) के चीफ जनरल मैनेजर (डी) श्री आतिश कुमार राउत की मौजूदगी में फॉर्मल किया गया। इस पार्टनरशिप के ज़रिए, (भाषिणी) की एडवांस्ड मल्टीलिंगुअल (एआई) कैपेबिलिटीज़ को (पीएनबी) के डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में इंटीग्रेट किया जाएगा। इससे कस्टमर्स को वॉइस और टेक्स्ट दोनों के ज़रिए कई भारतीय भाषाओं में बैंकिंग सर्विसेज़ आसानी से मिल पाएंगी।

### जेयूआईटी ने गरिमामय वातावरण में अपना 7वाँ दीक्षांत समारोह आयोजित किया



**वाकनाघाट, सोलन।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट ने 18 जुलाई 2026 को विश्वविद्यालय सभागार में अपना 7वाँ दीक्षांत समारोह गरिमापूर्ण एवं भव्य वातावरण में आयोजित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों, स्नातक एवं शोध उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, संकाय सदस्यों, पूर्व छात्रों तथा आमंत्रित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं जेयूआईटी के कुलाधिपति श्री कविंदर गुप्ता जी थे। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) आर. के. शर्मा, कुलपति, जेयूआईटी, ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) आर. के. शर्मा, कुलसचिव, विश्वविद्यालय की गवर्निंग काउंसिल एवं एकेडमिक काउंसिल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## री-नीट (यूजी) 2026 में रेज़ोनेंस का शानदार प्रदर्शन

**हिमांशु कुमार ने 690/720 अंकों के साथ एआईआर 111 एवं सामान्य- ईडब्ल्यूएस; वर्ग रैंक 4 हासिल किया**



**कोटा।** री - नीट (यूजी) 2026 के घोषित परिणामों में रेज़ोनेंस, कोटा के दो वर्षीय रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम के विद्यार्थी हिमांशु कुमार (बक्सर, बिहार) ने 690/720 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय रैंक 111 तथा ईडब्ल्यूएस; वर्ग रैंक 4 हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि हिमांशु ने जेईई मेन 2026 में भी मुख्यतः फिज़िक्स एवं केमिस्ट्री के आधार पर 98.85 पर्सेन्टाइल प्राप्त की थी। (उन्होंने मैथमेटिक्स विषय न होने के बावजूद जेईई मेन में ये प्रदर्शन किया था।) हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय रेज़ोनेंस की अनुभवी फैकल्टी, पूरे दो वर्षों तक एक जैसी शैक्षणिक टीम से मिले मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट प्रैक्टिस, स्टडी मेटेरियल तथा एनसीईआरटी आधारित तैयारी को दिया। उन्होंने बताया कि तैयारी के दौरान विषयों को रटने के बजाय कॉन्सेप्ट्स को समझने, नियमित रिविज़न करने तथा बार-बार टेस्ट देने की आदत ने उन्हें परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार किया। रेज़ोनेंस के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री राम किशन वर्मा ने हिमांशु को बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता केवल मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि परीक्षा के दिन की सटीक रणनीति भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है।

# च्यवनप्राश को मिला वैज्ञानिक प्रमाण



■ पतंजलि के वैज्ञानिकों ने महर्षि च्यवन से सम्बंधित लोकप्रचलित कथा को आधुनिक विज्ञान के साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत कर जीवंत कर दिया : आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त करते हुए यह पुष्टि की है कि पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश तनाव की परिस्थितियों में कोशिकाओं की रक्षा करता है, मांसपेशियों की कार्यक्षमता को सुचारु रखता है एवं शरीर को दीर्घायु प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल (प्रयोगात्मक ज्येरोन्टोलॉजी) में प्रकाशित यह अध्ययन न केवल पतंजलि की वैज्ञानिक क्षमता का परिचायक है, अपितु आयुर्वेद को वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के समक्ष साक्ष्य-आधारित चिकित्सा प्रणाली के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि प्राचीनकाल में जब महर्षि च्यवन अत्यंत वृद्ध और जर्जर अवस्था में थे, तब उनके लिए एक विशिष्ट "रसायन" तैयार किया गया, जिसके सेवन से महर्षि च्यवन ने पुनः ऊर्जा, स्फूर्ति, स्वास्थ्य और यौवन प्राप्त किया एवं इस रसायन का नाम रखा गया, च्यवनप्राश। यह कथा केवल भारतीय सनातन परंपरा की एक प्रेरणादायक स्मृति भर नहीं है, अपितु सदियों से करोड़ों भारतीय, च्यवनप्राश को रोग प्रतिरोधक क्षमता, दीर्घायु और संपूर्ण स्वास्थ्य का आधार मानते आए हैं। आयुर्वेद के ग्रंथों में इसे "रसायन" अर्थात शरीर, मन और जीवनीशक्ति को पुनर्जीवित करने वाला बताया गया है।

## बैद्यनाथ संस्थापक पं. रामनारायणजी शर्मा वैद्य की स्मृति में संस्कृत विद्वानों का सम्मान



**नागपुर।** कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय (केकेएसयू), रामटेक द्वारा संस्कृत क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नौ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विद्वानों को वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 के लिए 'महाकवि कालिदास संस्कृतव्रती राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह समारोह बैद्यनाथ समूह के संस्थापक वैद्य पंडित रामनारायणजी शर्मा की स्मृति में रामनारायण शर्मा आयुर्वेद रिसर्च फाउंडेशन, स्थानीय जिला प्रशासन तथा महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी), नागपुर के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं केकेएसयू के संस्थापक कुलपति डॉ. पंकज चांदे ने संस्कृत विश्वविद्यालयों से विदेशी विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण प्रारंभ करने का आह्वान किया, ताकि संस्कृत की वैश्विक पहुंच को और सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी मनुकुमार श्रीवास्तव तथा बैद्यनाथ के डायरेक्टर सुरेशजी शर्मा के सहयोग एवं वित्तीय सहायता से कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा महाकवि कालिदास संस्कृतव्रती राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत की गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अतुल वैद्य ने की।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### बिल में सेवा शुल्क जोड़ने पर 41 रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ग्राहकों के बिल में सेवा शुल्क जोड़ने के मामले में देशभर के 41 रेस्तरां के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की है।

## राशिफल

- **मेष**: परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।
- **वृष**: कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
- **मिथुन**: लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।
- **कर्क**: सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।
- **सिंह**: कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।
- **कन्या**: आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।
- **तुला**: व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।
- **वृश्चिक**: पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।
- **धनु**: जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।
- **मकर**: व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।
- **कुंभ**: नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।
- **मीन**: शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## पेज एक का शेष

### यामागुची को हराकर...

दी। साल 2024 के बाद सिंधु का यह पहला इंटरनेशनल टाइटल है। यामागुची के खिलाफ तोड़ा हार का सिलसिला पीवी सिंधु ने इस खिताबी जीत के साथ ही जापानी खिलाड़ी यामागुची के खिलाफ पिछले चार साल से चले आ रहे हार के सिलसिले को भी तोड़ दिया। सिंधु ने किसी पूर्ण मैच में यामागुची को आखिरी बार साल 2022 के थाईलैंड ओपन में हराया था।

### बागी सांसदों को ...

विरोध किया है और सदन से वॉकआउट किया है। आप सांसद एनडी गुप्ता ने कहा कि हमारे मामले में, राज्यसभा के 10 सांसदों में से 7 को हाईजैक कर लिया गया है और यह तय करने के लिए हमारी याचिका लंबित है कि यह वैध है या नहीं। इसके बावजूद, उन्हें राज्यसभा में अलग-अलग स्वतंत्र सीटें आवंटित की गई हैं। यह लोकतंत्र का सीधा-सीधा अपहरण और हत्या है।

### सदन की कार्यवाही ...

और सबसे ऊँची संसदीय परंपराओं को मानने की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने सभी पार्टियों से अपील की कि वे कार्यवाही को सुचारू और व्यवस्थित तरीके से चलाने में अपना पूरा सहयोग दें ताकि लोगों से जुड़े मुद्दों पर पूरी और फायदेमंद तरीके से चर्चा हो सके। कमेटी ने सदस्यों के सुझावों पर ध्यान दिया। चर्चा का शेड्यूल और काम के अलग-अलग आइटम के लिए समय का बंटवारा तय संसदीय प्रक्रियाओं के हिसाब से और सरकार और राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से सलाह करके किया जाएगा। स्पीकर ने भरोसा जताया कि सभी सदस्य मिलकर काम करेंगे ताकि बड़े जनहित में एक प्रोडक्टिव और सम्मानजनक मॉनसून सेशन हो सके।

### विपक्ष का वॉकआउट...

ऐसे आरोप नहीं लगने चाहिए, क्योंकि सरकार सचमुच चाहती है कि चर्चा हो और बिलों को पास करने से पहले सभी लोग उन्हें ध्यान से देखें और परखें।

### गोयनका पर 1000 ....

तहत मामला दर्ज किया गया था। वह पूर्व में संजय पाठक की कंपनी यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में प्रमुख प्रबंधकीय पद पर कार्यरत था। गोयनका के खिलाफ कटनी में भी दो अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस मामले में उसके फरार सहयोगियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी हैं। वह कई आईएएस अधिकारियों के काले धन को सफेद करने के खेल में भी शामिल रहा है। इसके अलावा, मुंबई स्थित राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने भी 9 मई 2025 के अपने आदेश में महेंद्र गोयनका और उसकी पत्नी मीनू गोयनका द्वारा किए गए वित्तीय गबन पर सख्त टिप्पणियां की थीं। गोयनका की एक अन्य कंपनी निसर्ग इस्पात भी भारी वित्तीय अनियमितताओं के घेरे में है। इस बड़ी गिरफ्तारी के बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई बड़े अधिकारियों व व्यापारियों के राज खुलने की आशंका है, जिससे प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

### रेस्तरां में जबरन ...

निर्देश दिए गए हैं। मंत्री प्रह्लाद जोशी ने स्पष्ट किया कि सर्विस चार्ज पूरी तरह स्वैच्छिक है और इसे देना या न देना पूरी तरह उपभोक्ता की इच्छा पर निर्भर करता है। कोई भी होटल या रेस्तरां ग्राहक पर सर्विस चार्ज देने का दबाव नहीं बना सकता और न ही इसे बिल में स्वतः जोड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता से जबरन सर्विस चार्ज वसूला जाता है तो वह तत्काल राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन 1915 पर शिकायत दर्ज करा सकता है।

सीसीपीए ने वर्ष 2022 में होटल और रेस्तरां में सर्विस चार्ज को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार कोई भी रेस्तरां बिल में स्वतः सर्विस चार्ज नहीं जोड़ सकता, किसी अन्य नाम से भी इसकी वसूली नहीं की जा सकती और ग्राहक को इसे देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। यदि ग्राहक सर्विस चार्ज देने से मना करता है तो उसके साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा सकता और न ही सेवा देने से इनकार किया जा सकता। गौरतलब है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने मार्च 2025 में सीसीपीए के दिशा-निर्देशों को वैध ठहराते हुए कहा था कि रेस्तरां द्वारा अनिवार्य रूप से सर्विस चार्ज वसूलना कानून के अनुरूप नहीं है और सभी प्रतिष्ठानों को सीसीपीए के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया था कि ग्राहक यदि अपनी इच्छा से टिप देना चाहता है तो वह अलग बात है, लेकिन उसे बिल में स्वतः जोड़ना या अनिवार्य बनाना स्वीकार्य नहीं है। सरकार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि किसी होटल या रेस्तरां में बिना सहमति के सर्विस चार्ज लगाया जाता है तो उसकी शिकायत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन 1915 या उसके अन्य आधिकारिक माध्यमों के जरिए करें, ताकि उपभोक्ता अधिकारों का प्रभावी संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

### वांगचुक को दूसरे ...

कर रही है। हाई कोर्ट ने परिवार को डॉक्टरों के साथ सहयोग करने को कहा और निर्देश दिया कि उनकी मेडिकल रिपोर्ट परिजनों से साझा की जाए। मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

### नॉन कम्युनिकेबल...

हों। उन्होंने कहा कि देश में विकसित आधुनिक चिकित्सा समाधान न केवल विश्वस्तरीय हैं, बल्कि उन्हें आम लोगों के लिए सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में भी तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न पहल और वैज्ञानिक अनुसंधान के कारण भारत आज स्वास्थ्य नवाचार और बायो-मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। भारत कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा तकनीक विकसित कर रहा है, जिससे दुनिया के अनेक देशों के मरीज भी यहां इलाज के लिए आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गैर-संचारी रोगों की रोकथाम केवल अस्पतालों या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, तंबाकू एवं नशे से दूरी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जागरूकता बढ़ाई जाए और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दिया जाए, तो कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों के बढ़ते खतरे को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत का वैज्ञानिक समुदाय भविष्य में भी ऐसी तकनीकों और उपचारों का विकास करता रहेगा, जो न केवल देश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे, बल्कि भारत को वैश्विक स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी देशों की श्रेणी में भी स्थापित करेंगे।

### कैबिनेट से यूसीसी...

होगा। उन्होंने कहा कि इस संहिता का मुख्य मकसद पर्सनल कानूनों के तहत महिलाओं के साथ होने वाले पुराने भेदभाव को खत्म करना, उनकी सुरक्षा और उन्हें सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल से करीब 25 किमी दूर ऐतिहासिक किले जगदीशपुर में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से जानकारी साझा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार देने के साथ-साथ यह कोड उन धार्मिक रीति-रिवाजों और पारंपरिक प्रथाओं की साफ तौर पर सुरक्षा करता है जो सार्वजनिक नैतिकता और नीति के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि मप्र के निवासियों के लिए चाहे उनका धर्म कोई भी हो शादी, तलाक, वैवाहिक झगड़ों से जुड़े भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे निजी मामलों को नियंत्रित करते के लिए एक समान पर्सनल सिविल कानून लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग और कभी-कभी बिना लिखित नियमों वाली प्रथाओं में सुधार करके और एक समान व निष्पक्ष ढांचा बनाकर, यह पर्सनल सिविल कानून को आधुनिक बनाता है, ताकि पुरुषों और महिलाओं को एक समान अधिकार मिल सकें।

**लिव-इन से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा:** लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। इसमें पार्टनर्स की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वे प्रतिबंधित श्रेणी में न हों, पहले से विवाहित न हों और उनकी सहमति स्वतंत्र होनी चाहिए। यदि कोई पार्टनर 21 साल से कम उम्र का है, तो लिव-इन के शुरू होने और खत्म होने की जानकारी उनके माता-पिता, अभिभावकों को भेजी जाएगी। रजिस्ट्रार यह रिकॉर्ड स्थानीय पुलिस स्टेशन को भी भेजेगा। लिव-इन से पैदा हुए बच्चों को वैध माना जाएगा और उन्हें पूर्ण उत्तराधिकार मिलेगा। यदि पुरुष पार्टनर महिला को छोड़ देता है, तो वह सक्षम अदालत के माध्यम से कानूनी पत्नी की तरह ही भरण-पोषण (गुजारा भत्ता) का दावा कर सकती है।


### जनजातीय समाज पर ...

सम्मान करते हुए यह कानून संविधान के अनुच्छेद 342 और अनुच्छेद 366 (खंड 25) के तहत आने वाली अनुसूचित जनजातियों (जैसे भील, गॉड, कोरकू, बैगा, सहरिया और भारिया) पर लागू नहीं होगा। इसके अलावा, जिन समुदायों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा संविधान के भाग Xxi के तहत की गई है, उन्हें भी इस कोड से विशेष रूप से बाहर रखा गया है।

### विवाह और तलाक ...

अनौपचारिक पंचायत के फैसलों को पूरी तरह गैर-कानूनी घोषित किया गया है। अब विवाह का समापन केवल कानून में बताए गए स्पष्ट और वैधानिक आधारों पर ही हो सकेगा।

## शब्द पहेली - 6292




**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 6291 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | रा | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |



# गोलों की सुनामी में इंग्लैंड विजेता, एमबाप्पे का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## इंग्लैंड ने फ्रांस को 6-4 से हराया, जीता ब्रॉन्ज मेडल



एजेंसी ⏭ मियामी गार्डन्स

बुकायो साका के तीन गोल की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे स्थान के रोमांचक प्ले ऑफ मुकाबले में 6-4 से जीत दर्ज की जबकि किलियन एमबाप्पे ने दूसरे हाफ में दो गोल करके फुटबॉल विश्व कप में लियोनल मेस्सी के सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे निकल गए। यह 1982 में हंगरी की अल सल्वाडोर पर 10-1 की जीत के बाद विश्व कप में सबसे अधिक गोल वाला मैच था। तीसरे स्थान के मैच में 10 गोल अब तक के सबसे अधिक गोल हैं। साका ने 37वें मिनट और पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल करने के बाद 87वें मिनट में पेनल्टी से अपना तीसरा गोल करके इंग्लैंड के लिए अपने करियर की दूसरी हैट्रिक पूरी की।

### इंग्लैंड ने किया दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल

इंग्लैंड के लिए डेकलान राइस और एजरी कोंसा ने भी पहले हाफ में गोल किए, जिससे मध्यांतर तक इंग्लैंड की टीम 4-0 से आगे हो गई। रोमांचक दूसरे हाफ में भी इंग्लैंड ने अपनी बढ़त बनाए रखी और विश्व कप में अपना दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल किया। इंग्लैंड ने अपना एकमात्र खिताब 1966 में जीता था। इंग्लैंड के लिए छठा गोल जूड बेलिंघम ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के आठवें मिनट में किया, जो टूर्नामेंट में उनका सातवां गोल था।

### हाइड्रेशन ब्रेक से निराशा

फीफा ने दोनों हाफ के बीच में पानी के लिए ब्रेक लागू किए, जो इस विश्व कप के लिए एक नई चीज। स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों ने इसकी जोरदार हूटिंग की और पूर्व खिलाड़ियों ने भी इसकी आलोचना की। ये ब्रेक खिलाड़ियों को गर्मी से निपटने में मदद करने के लिए शुरू किए गए थे लेकिन फीफा ने नियम बनाया कि मौसम और चाहे जो भी हो, ये ब्रेक होंगे ही।




## विश्व कप के महत्वपूर्ण पल

### बड़े सितारों का जलवा



टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को दिए जाने वाले 'गोल्डन बूट' की दौड़ में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें लियोनल मेस्सी, किलियन एमबाप्पे, एर्लिंग हालैंड, हैरी केन और जूड बेलिंघम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। एमबाप्पे 10 गोल के साथ गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे हैं। उन्होंने अपने करियर में विश्व कप में कुल 22 गोल का रिकॉर्ड भी बनाया। मेस्सी ने मौजूदा विश्व कप आठ गोल किए और एक मैच बाकी रहते हुए उनके विश्व कप में कुल 21 गोल हैं।

### बड़ी प्रौद्योगिकी, बड़ी शिकायतें

वीडियो सहायक रिव्यू (वीएआर) कई विवादित फैसलों की वजह बना, जिसमें जर्मनी, क्रोएशिया और मिस्र के महत्वपूर्ण गोल रद्द कर दिए गए। राउंड ऑफ 16 में अर्जेंटीना के 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 3-2 से जीतने पर मिस्र के कोच होसाम हसन ने इसकी तीखी आलोचना की। टूर्नामेंट में इस्तेमाल की जा रही सेंसर वाली बेहद आधुनिक गेंद की वजह से राउंड ऑफ 32 में पुर्तगाल के खिलाफ क्रोएशिया का आखिरी समय में बराबरी का गोल नहीं हो पाया क्योंकि गेंद ने इगोर मंटानोविच का हल्का सा स्पर्श भी पकड़ लिया और जोस्को ग्वार्डियोल के गोल को ऑफसाइड करार दिया।



### टिकट की बहुत अधिक कीमतें

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले चिंता थी कि फीफा की 'डाइनामिक प्राइसिंग' (समय के साथ बदलती कीमतें) की वजह से आम प्रशंसकों के लिए मैच के टिकट खरीदना मुश्किल हो जाएगा। कुछ आलोचकों ने फीफा पर 'बहुत बड़ा धोखा' करने का आरोप लगाया। आम बिक्री में टिकट की कीमतें ग्रुप चरण के मुकाबलों के लिए 140 से 2,735 डॉलर और फाइनल के लिए 8,680 डॉलर थीं जो 2022 में कतर में हुए पिछले विश्व कप की कीमतों से कहीं अधिक थीं। फीफा ने पुनः बिक्री वाली टिकटों की कीमतों पर कोई नियंत्रण नहीं रखा लेकिन बिक्री से अपना हिस्सा लिया। इतनी आलोचना के बावजूद प्रशंसक बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे।



### युद्ध के बावजूद ईरान ने हिस्सा लिया

विश्व कप में राजनीति और खेल का आपस में जुड़ना कोई नई बात नहीं है। इस बार सबसे अधिक राजनीतिक तनाव ईरान की राष्ट्रीय टीम को लेकर था। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से संदेह पैदा हो गया था कि क्या ईरान की टीम विश्व कप में हिस्सा ले पाएगी या नहीं। टीम ने हिस्सा तो लिया लेकिन अपना आधार शिविर एरिजोना से मैक्सिको ले जाने के बाद। अमेरिका ने ईरान के दल के कई सदस्यों को वीजा देने से इनकार कर दिया था।

---

**खबर संक्षेप**

### आज से हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीम सोमवार को मस्कट में पहली एफआईएच युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप में अपना अभियान शुरू करेंगी तो उनका लक्ष्य पहले एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप में जगह पक्की करना होगा। छह दिन तक चलने वाला यह टूर्नामेंट पहले एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के तौर पर काम करेगा। सरदार सिंह की कोचिंग वाली भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट में उतर रही है। टीम ने फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर अंडर-18 एशिया कप का खिताब जीता था। इस टीम में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के खिलाड़ी शामिल हैं और टीम को मेजबान ओमान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ एलीट पूल में रखा गया है।

## भारतीय टीम में हरियाणा के 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ



रोहित डागर ⏭ रोहतक

थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित होने वाली पहली एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा के मुक्केबाजों ने अपनी प्रतिभा के दम पर भारतीय दल में बड़े पैमाने पर जगह बनाई है। एमेच्योर आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा जारी आधिकारिक चयन पत्रों के अनुसार प्रदेश के 6 प्रतिभावान खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चयनित खिलाड़ियों में झज्जर से दीपांशु , रेवाड़ी से देवांशू रोहतक के रिटौली गांव से दीक्षा और इसी गांव के हर्ष (सब-जूनियर वर्ग, 32 किलोग्राम भार वर्ग) शामिल हैं। इनके अलावा रेवाड़ी से लक्ष्य और गुरुग्राम से युग का चयन भी टीम इंडिया में हुआ है। यह सभी खिलाड़ी 24 से 26 जुलाई तक बैंकॉक में होने वाली चैंपियनशिप में रिंग में उतरेंगे। सभी 23 जुलाई को रवाना होंगे। भारतीय आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी और हरियाणा आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी राहुल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों के इस शानदार चयन पर भारतीय टीम के मुख्य कोच प्रेम गुलिया ने कहा यह हमारे देश और विशेषकर हरियाणा के लिए बेहद गर्व का क्षण है। इन सभी बच्चों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ा अभ्यास किया है और इनकी तकनीकी क्षमताएं बेहद उच्च स्तर की हैं। दीक्षा ने बताया कि पिता सुरेंद्र पेशे से किसान हैं और माँ पूनम एक गृहिणी हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में अपने छोटे भाई हर्ष से प्रेरित होकर खेल की दुनिया में कदम रखा था। अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बदौलत दीक्षा ने वर्ष 2025 में जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय और नेशनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किए। युग ने खेल के मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2025 में जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय और नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2025 में आयोजित साउथ एशियन चैंपियनशिप में भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। दीपांशु ने बताया कि पिता रवि गुलिया किसान हैं और माँ सुनीता एक गृहिणी हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ ओपन नेशनल व साउथ एशियन स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी कामयाबी हासिल की थी। दीपांशु का यह विजयी अभियान यहीं नहीं रुका, उन्होंने वर्ष 2025 में भी अपनी फॉर्म जारी रखते हुए जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया।

■ एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप

**मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में भारत का डंका**

## संग्राम ने पाक फाइटर को 80 सेकंड में किया नॉकआउट, बने एशिया चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



भारतीय रेसलिंग लीजेंड और स्टार एमएमए (एमएमए) फाइटर संग्राम सिंह ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की दुनिया में नया इतिहास रच दिया है। मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित हाई-वोल्टेज मुकाबले में संग्राम सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के मोहम्मद आबिद अली को धूल चटा दी। संग्राम सिंह ने इस बेहद रोमांचक मैच में पाकिस्तानी चैलेंजर को मात्र 1 मिनट 20 सेकंड (80 सेकंड) में जबरदस्त नॉकआउट देकर स्ट्राइक एशिया चैंपियनशिप का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है। संग्राम के कोच भूपेश कुमार ने संग्राम सिंह को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित की जीत

ऐतिहासिक खिताबी जीत दर्ज करने के बाद भावुक हुए संग्राम सिंह ने कहा, मैं जब भी रिंग या केज में उतरता हूँ, तो सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि देश के 140 करोड़ भारतीयों के गौरव के लिए लड़ता हूँ। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा भावनाओं से जुड़ा होता है। मैं यह ऐतिहासिक खिताब पूरे देश और देशवासियों को समर्पित करता हूँ।

### शुरुआत से ही बनाया दबदबा

भारत-पाकिस्तान के इस बड़े मुकाबले को लेकर खेल प्रेमियों में भारी उत्साह था, लेकिन संग्राम सिंह ने रिंग में उतरते ही मैच को एकतरफा कर दिया। उन्होंने पहले ही पल से अपने जबरदस्त पावर, सटीक वार और संयम के दम पर आबिद अली पर दबाव बना लिया। पाकिस्तानी फाइटर संग्राम के आक्रामक खेल के सामने टिक नहीं सका और मैच शुरू होने के महज 80 सेकंड के भीतर ही नॉकआउट हो गया।

**रोहित के शानदार शतक के बावजूद हारा भारत**

## इंग्लैंड ने 27 रन से जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की



⏭ डकेट व बेथेल के बीच 192 की साझेदारी

⏭ बेन डकेट ने 135 गेंदों में 141 रन बनाए

- रोहित शर्मा ने 111 गेंदों पर 138 रन बनाए।
- विराट कोहली 60 बॉल पर 74 रन बनाकर आउट हुए।
- रोहित ने कोहली के साथ 113 रन की साझेदारी की।



एजेंसी ⏭ लंदन

रोहित शर्मा ने 138 रन की आक्रामक पारी खेल कर आलोचकों को करार जवाब दिया लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी के बावजूद लॉर्ड्स में रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में भारत को 27 रन से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने इसके साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड ने बेन डकेट के करियर के सर्वश्रेष्ठ 142 रन और जैकब बेथेल के 91 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 387 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने रोहित शर्मा के 138 रन, शुभमन गिल के 77 और विराट कोहली के 74 रन की बदौलत सात विकेट पर 360 रन बनाए। इंग्लैंड की जीत में पूर्व कप्तान जोस बटलर की आखिरी ओवरों में खेली गई 13 गेंदों में 41 रन की तूफानी पारी निर्णायक साबित हुई। उनकी इस पारी के दम पर इंग्लैंड ने अंतिम पांच ओवरों में 82 रन जुटाए। रोहित के लिए यह मुकाबला बेहद अहम था। चयनकर्ताओं और मुख्य कोच द्वारा भविष्य की योजनाओं में उनसे आगे बढ़ने की चर्चाओं के बीच 39 वर्षीय पूर्व कप्तान पर काफी दबाव था। वह लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर भारत को श्रृंखला जिताने और अपनी विरासत को बचाने की चुनौती के साथ उतरे थे। रोहित ने अपना 34वां वनडे शतक पूरा करने के बाद न तो बल्ला उठाकर जश्न मनाया और न ही लॉर्ड्स के 'मेंबर्स' बालकनी से मिली तालियों का अभिवादन किया। उनकी 110 गेंदों पर खेली गई 138 रन की पारी में संघर्ष, और जज्बा साफ दिखाई दिया। इंग्लैंड में उनका यह आखिरी वनडे मुकाबला था और आने वाले समय में लोग इसे एक अनुभवी खिलाड़ी के साहसिक संघर्ष के रूप में याद करेंगे।

**बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती : निशु को कांस्य पदक मिला, बेटियों ने कुल आठ पदक कब्जाए**

## सोनीपत की काजल को गोल्ड, हिसार की अंतिम ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



बुडापेस्ट में आयोजित पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस और कोज़्मा इस्तवान मेमोरियल कुश्ती रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट में सोनीपत की काजल ने महिलाओं के फ्रीस्टाइल 76 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हिसार की अंतिम पंघाल को 53 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दिल्ली की नेहा शर्मा ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि जींद की निशु ने महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया, जिससे भारत ने बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज के शनिवार को चौथे दिन चार पदकों के साथ समापन किया। बेटियों ने इस प्रतियोगिता में दो गोल्ड, दो रजत और चार कांस्य समेत कुल आठ पदक जीते हैं। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश और कोच मनदीप ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। फरवरी में जाग्रेब ओपन में कांस्य पदक जीतने के बाद अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करते हुए, भारत की एशियाई खेल 2026 कुश्ती टीम की सदस्य अंतिम पंघाल फाइनल से पहले शानदार फॉर्म में नजर आईं। 21 वर्षीय भारतीय पहलवान ने लगातार तीन 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता वाली जीत के साथ शुरुआत की, जिसमें उन्होंने जर्मनी की बियांका फाथ, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की ली युक्सुआन और अमेरिका की क्रिस्टेल रोड्रिगेज को हराया। इसके बाद अंतिम ने एक रोमांचक सेमीफाइनल में चीन के मौजूदा एशियाई चैंपियन झांग जिन को 7-5 से हराया। हालांकि, स्वीडन की एम्मा माल्मग्रेन के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले चोट के कारण उन्हें मुकाबले से हटना पड़ा और उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग के 76 किलोग्राम वर्ग का खिताब अपने नाम किया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में भारतीय पहलवान ने अमेरिका की पूर्व पैन अमेरिकन चैंपियन डायमंड गिलफोर्ड को 3-3 के स्कोर से हराया। सेमीफाइनल में काजल ने चीन की शुइयान चेंग को 3-0 से हराने के बाद रोमानिया की पूर्व यूरोपीय चैंपियन एलेक्जेंड्रा एंगेल को 9-0 से हराया।

### नेहा को फाइनल में चीन की हांग केक्सिन ने हराया

नेहा शर्मा ने भी शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन फाइनल में चीन की ओलंपिक पदक विजेता हांग केक्सिन से हारने के बाद उन्हें महिला 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में कनाडा की मिया फ्रीसेन को मानदंडों के आधार पर 4-4 से हराया था, जिसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पैन अमेरिकन चैंपियन यूएसए की अमांडा मार्टिनेज को 6-1 से और सेमीफाइनल में ब्राजील की जूलिया पेनाल्बर को 4-0 से हराया था। निशु ने महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता। नैटिया स्वानिद्ज़े को 11-10 से हराने के बाद, वह राउंड ऑफ 16 में फाइनलिस्ट एम्मा माल्मग्रेन से हार गईं, लेकिन रिपेचेज के माध्यम से कांस्य पदक के मैच में आगे बढ़ीं , जहां उन्होंने कनाडा की मैडिसन पार्क्स को हराया। इसके बाद निशु ने रोमानिया की ओलंपियन एंड्रिया बीट्रिस एना को मानदंडों के आधार पर 2-2 से हराकर पदक जीता।







# यूएनएससी की स्थाई सदस्यता के लिए भारत की कूटनीति दुनिया में लहराएगी कामयाबी का परचम!

## चीन के विरोध के बाद भी भारत बढ़ रहा है कामयाबी की डगर पर

पहले अस्थाई फिर स्थाई सदस्यता के लिए भारत का बड़ा दांव

भारत 8 बार यूएनएससी का अस्थाई सदस्य रहा है, अब 2028-29 के लिए अस्थायी सीट पाने की कर रहा दावेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अस्थायी सीट के लिए अपना अभियान औपचारिक रूप से शुरू कर दिया है। एशिया-पैसिफिक ग्रुप की एकमात्र उपलब्ध सीट के लिए भारत का ताजिकिस्तान के साथ सीधा मुकाबला शुरू हो गया है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में यूएनएससी के लिए भारत की उम्मीदवारी का अभियान शुरू किया है। इस अभियान की थीम शांति है जिसका अर्थ है नियमों, भरोसे और ईमानदारी के जरिए हर क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित करना। इसके जरिए भारत को शांति, जिम्मेदार वैश्विक शासन और ग्लोबल साउथ यानि विकासशील देशों की मजबूत आवाज के तौर पर पेश किया गया।

इसके साथ ही भारत संयुक्त राष्ट्र पर सुरक्षा परिषद में बदलावों के लिए दबाव भी बना रहा है। ऐसे में कुछ लोगों को यह अजीब लग सकता है कि जब भारत यूएसएससी का स्थाई सदस्य बनने के लिए कोशिश कर रहा है, फिर अस्थाई सीट के लिए कैंपेन क्यों चला रहा। हालांकि, बहुत कम लोगों को पता होगा कि इसके पीछे एक सोची समझी रणनीति है, जो भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी को मजबूत करेगा।

### अस्थाई सदस्यता का प्रयास भारत का बड़ा दांव



रिपोर्ट के अनुसार, यूएनएससी की अस्थायी सीट अक्सर किसी बड़े लक्ष्य के लिए समर्थन जुटाने के कुछ व्यावहारिक तरीकों में से एक होती है। भारत यूएनएससी की अस्थायी सीट के लिए इसलिए कैंपेन कर रहा है क्योंकि वह इस सदस्यता के जरिए अपने कूटनीतिक लक्ष्यों को हासिल करना चाहता है। अगर भारत यूएनएससी की अस्थायी सदस्यता हासिल कर लेता है, तो इससे दो साल के लिए युद्ध, प्रतिबंध, पीसकीपिंग के आदेशों और सुरक्षा से जुड़े अन्य बड़े फैसलों पर सीधे वोट देने का अधिकार मिलेगा। यूएनएससी की अस्थायी सदस्यता से भारत को भले ही वीटो पावर न मिले, लेकिन यह बातचीत को आकार देने, गठबंधन बनाने और यूएन की सबसे शक्तिशाली संस्था के भीतर अपनी प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का मौका देती है। भारत के लिए यह सदस्यता इसलिए भी अहम है, क्योंकि वह यूएनएससी में सुधार की मांग को पुरजोर तरीके से रख सकता है। इसके अलावा भारत दुनिया को दिखा सकता है कि वह इस सिस्टम में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जो भविष्य में पूरी दुनिया के काम आ सकता है।

### भारत के पक्ष में आ सकते हैं ये देश

**खाड़ी देश:** मजबूत व्यापारिक रिश्तों के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं। ओमान, कतर, बहरीन और कुवैत से भी भारत लगातार संपर्क में है।

**रणनीतिक साझेदार:** भारत के करीबी संबंध होने के कारण मिस्र, इंडोनेशिया और बांग्लादेश भी भारत के पाले में आ सकते हैं।

**वैश्विक महाशक्तियां:** अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और अधिकांश यूरोपीय देश यूएनएससी में भारत की उम्मीदवारी का खुलकर समर्थन कर रहे हैं।

### स्थायी सदस्यता से बढ़ेगी देश की ताकत

**वीटो पावर:** भारत को दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों (पी5) की तरह वीटो अधिकार मिलेगा, जिससे वह भारत-विरोधी किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रस्ताव को अकेले दम पर रोक सकेगा। कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर किसी भी एकतरफा वैश्विक दबाव या प्रतिकूल प्रस्ताव को भारत तुरंत खारिज कर पाएगा।

### तीन करणों से भारत विरोधी बना चीन

#### 1 जीरो-सम गेम की सोच

चीन एशिया में खुद को एकमात्र सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखना चाहता है। वह सुरक्षा परिषद में किसी अन्य एशियाई देश, विशेषकर भारत को अपने बराबर का दर्जा नहीं देना चाहता। चीन को लगता है कि भारत के आने से एशिया में उसका दबदबा कम हो जाएगा।

#### 2 पाकिस्तान फैक्टर

चीन और पाकिस्तान के बीच गहरी रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी है (जैसे सीपीईसी)। चीन हमेशा यूएनएससी में पाकिस्तान के हितों की रक्षा करता है (उदाहरण के लिए, पाकिस्तानी आतंकियों को वैश्विक आतंकी घोषित होने से बचाना)। अगर भारत स्थायी सदस्य बनता है, तो कश्मीर जैसे मुद्दों पर पाकिस्तान का पक्ष अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पूरी तरह कमजोर हो जाएगा, जिसे चीन कभी नहीं चाहेगा।

#### 3 अमेरिका-भारत की नजदीकी

मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत के संबंध अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया (क्वाड समूह) के साथ बहुत मजबूत हुए हैं। चीन भारत को अमेरिका के खेमे का हिस्सा मानता है। उसे डर है कि भारत के वीटो पावर पाने से यूएनएससी में अमेरिकी गुट और मजबूत हो जाएगा, जो चीन को घेरने की कोशिश कर सकता है।

### चीन से ऐसे निपटेगा भारत

#### वैश्विक दबाव

भारत दुनिया के बाकी 4 स्थायी सदस्यों (अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन) और महासभा के अधिकांश देशों को अपने पक्ष में इतना मजबूत कर लेना चाहता है कि चीन के लिए अकेले वीटो करना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कठिन होगा।

#### यूएन सुधार

भारत (जी 4 देशों - भारत, जापान, जर्मनी, ब्राजील के साथ मिलकर) पूरे संयुक्त राष्ट्र के ढांचे में सुधार की मांग कर रहा है। रणनीति यह है कि पहले नियम बदले जाएं ताकि कोई एक देश पूरे विश्व के बहुमत के फैसले को अकेले न रोक सके।

#### वैश्विक संबंध

भारत दुनिया के तमाम देशों से संबंध बेहतर रखने के प्रयास करता है। यही वजह है कि दुनिया के कई देश भारत से अच्छे और रणनीतिक, व्यापारिक संबंध रखना पसंद करते हैं। यह वजह है कि चीन पर अप्रत्यक्ष दवाब बन सकता है।

### अगले साल होना है चुनाव

#### चुनाव की तारीख

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 82वें सत्र के दौरान जून 2027 में इसके लिए वोटिंग कराई जाएगी

#### मुकाबला

एशिया-प्रशांत समूह की इकलौती अस्थायी सीट पर भारत का सीधा मुकाबला ताजिकिस्तान से है

#### अभियान की थीम

भारत ने इस अभियान को शांति दृष्टिकोण के साथ लॉन्च किया है, जिसका पूरा नाम सेक्यूरिंग हॉलिस्टिक एडवांसमेंट थ्रो नोर्म्स ट्रस्ट इंटीग्रेटी(**shanti**) है। इसका उद्देश्य ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) की आवाज को बुलंद करना है।

#### अंतरराष्ट्रीय समर्थन

भारत की इस दावेदारी को अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों का समर्थन प्राप्त है, जबकि ताजिकिस्तान को इस्लामिक सहयोग संगठन के 57 देशों का समर्थन हासिल है

#### पिछला ट्रैक रिकॉर्ड

भारत अब तक 8 बार यूएनएससी का अस्थायी सदस्य रह चुका है और यदि वह इस चुनाव को जीतता है, तो यह उसका 9वां कार्यकाल होगा। और वैश्विक ताकत बढ़ेगी।

---

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू 3 देशों की यात्रा पर हुईं रवाना


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की



ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर रवाना हो गईं। वे 19 से 25 जुलाई 2026 तक इन देशों के दौरे पर रहेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह भारत के किसी राष्ट्रपति की मोल्दोवा और उत्तर मैसेडोनिया की पहली तथा तीन दशकों में रोमानिया की पहली यात्रा है। सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसे राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बताया। इस सात दिवसीय दौरे का मुख्य उद्देश्य पूर्वी यूरोप के इन देशों के साथ भारत के आर्थिक, व्यापारिक और तकनीकी संबंधों को नई रफ्तार देना है।

### 18 हजार भारतीयों को डिपोर्ट करेगा अमेरिका!

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने



पर डिपोर्टेशन अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है, जिसमें 18 हजार अनडॉक्युमेंटेड भारतीय सीधे निशाने पर आ गए हैं। इस सख्त इमिग्रेशन नीति के तहत ट्रम्प प्रशासन डिपोर्टेशन के लिए सैन्य विमानों का इस्तेमाल करने जा रहा है। पकड़े गए भारतीयों को कोई अपील या कानूनी मदद का मौका नहीं मिलेगा। न्यूयॉर्क, टेक्सास, कैलिफोर्निया और न्यूजर्सी से आई ग्राउंड रिपोर्ट्स के अनुसार, आईसीई की टीमें लगातार छापे मार रही हैं।

---

### जॉर्डन में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद से बदली रणनीति

# सैनिकों की मौत से बौखलाए अमेरिका ने ईरान के केशम द्वीप पर किए हमले

एजेंसी ▶▶ तेहरान

हमलों का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और ईरान को कमजोर करना है

अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान के केश्म द्वीप पर नए हवाई हमले किए हैं। ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, द्वीप पर दो धमाकों की आवाज सुनी गई। हमलों के बाद नुकसान का आकलन करने के लिए आपातकालीन और सुरक्षा टीमों को तैनात किया गया है। अमेरिकी सेना ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थित ईरानी बंदरगाह शहर सीरिक को भी निशाना बनाया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने लगातार आठवीं रात सैन्य अभियान की पुष्टि की है। इसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और ईरानी बलों को कमजोर करना है।

यह ताजा हमला शनिवार को जॉर्डन में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद हुआ है। अमेरिकी सेना के अनुसार, ये सैनिक ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से रक्षा करते समय मारे गए। एक अन्य अमेरिकी सैनिक अभी भी लापता है। इस संघर्ष में 28 फरवरी से अब तक कुल 16 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सैन्य अभियान का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने सैनिकों की मौत पर दुख जताया लेकिन इस मिशन को बेहद जरूरी बताया। बता दें कि ट्रंप के धमकियों का ईरान पर कोई असर नहीं हो रहा है।

*संघर्ष में अब तक दोनों को भारी नुकसान हुआ है*

*28 फरवरी से अब तक 16 अमेरिकी सैनिक मारे गए*



### ईरान ने अमेरिका को धमकाया

ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा कि इन हमलों ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की बेकद्री साबित कर दी है। खामेनेई ने अपने पिता की हत्या के बाद सत्ता संभाली थी। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरानी राष्ट्र और प्रतिरोध मोर्चा अमेरिका को कभी न भूलने वाला सबक सिखाएंगे। खामेनेई के सैन्य सलाहकार मेजर जनरल मोहसिन रजाई ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी बमबारी जारी रही, तो ईरान पूर्ण पैमाने पर आक्रामक अभियान शुरू करेगा। अब ईरान केवल जवाबी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष फिर से शुरू होने के बाद से अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है और 500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईरान साफ तौर पर कह रहा है कि वो अमेरिका की धमकियों से डरने वाला नहीं है।



मुजतबा

### खाड़ी देशों में भी फैला संघर्ष

ईरान ने भी खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमले तेज कर दिए हैं। कुवैत में एक तेल केंद्र और बिजली-पानी संयंत्र को निशाना बनाया गया है, जिसकी कुवैत ने कड़ी निंदा की है। बहरीन ने ईरान के हवाई हमलों को रोकने का दावा किया है, जबकि ईरान का कहना है कि उसने बहरीन में अमेरिकी सैन्य हवाई अड्डे को निशाना बनाया है। जॉर्डन में अल-अजराक अमेरिकी बेस पर भी ईंधन टैंकों को निशाना बनाया गया है। जॉर्डन की सेना ने शनिवार को 10 ईरानी मिसाइलों को मार गिराया। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, जबकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है।

### क़ेशम द्वीप पर 10 11 दुश्मन के प्रोजेक्टाइल आकर गिरे

ईरान ने दावा किया है कि उसके रणनीतिक महत्व वाले क़ेश्म द्वीप पर 10 से 11 दुश्मन के प्रोजेक्टाइल आकर गिरे हैं। केशम के गवर्नर हुसैन अमीर तैमूरी ने बताया है कि हमले में सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी ने जानकारी दी है कि हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी बीच ईरानी मीडिया ने देश के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में भी कई तेज धमाकों की खबर दी है। हालांकि, इन धमाकों से कितना नुकसान हुआ है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। लेकिन काफी नुकसान हुआ है।

---

### मेटा के खिलाफ कोर्ट पहुंचे कर्मचारी

# बगैर सहमति के एआई से निगरानी कर 8 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया था

*मेटा एक बार फिर बड़े विवाद में घिरी है जमकर उठ रहे हैं सवाल*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा एक बार फिर बड़े विवाद में घिर गई है। कंपनी के 26 पूर्व कर्मचारियों ने मेटा के खिलाफ कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी ने इस साल की शुरुआत में हुई लगभग 8,000 कर्मचारियों की छंटनी के दौरान पारंपरिक मैनेजरों की राय के बजाय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित इंटरनल सिस्टम का इस्तेमाल किया।

शिकायत के अनुसार, इस एआई सिस्टम ने कर्मचारियों की परफॉर्मेंस रेटिंग, कीस्ट्रोक, कंप्यूटर एक्टिविटी, माउस मूवमेंट, ब्राउजर हिस्ट्री, ईमेल और लोकेशन डेटा जैसे प्रोडक्टिविटी आंकड़ों के आधार पर स्कोर तैयार किए। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि जब कोई कर्मचारी मेडिकल, मैटरनिटी या फैमिली लीव पर होता है, तब उसके काम से जुड़े डेटा स्वाभाविक रूप से कम हो जाते हैं। एआई सिस्टम इस मानवीय पहलू को समझने में नाकाम रहा और उसने छुट्टी पर चल रहे कर्मचारियों को बेहद कम स्कोर देकर सीधे छंटनी की सूची में डाल दिया। याचिका में कई उदाहरण दिए गए हैं, जिसमें एक महिला वैज्ञानिक को उनकी अप्रूव्ड प्रेग्नेंसी लीव के दौरान और एक मैनेजर को मेडिकल लीव शुरू होने के महज 16 दिन बाद नौकरी से निकाल दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि यह कानूनी रूप से मिलने वाली छुट्टियों के अधिकार का सीधा उल्लंघन है।

### मेटा ने स्वीकारा एआई का उपयोग

दूसरी तरफ, मेटा ने इन सभी आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद और तथ्यों से परे बताया है। कंपनी के प्रवक्ता का कहना है कि वर्कफोर्स मैनेजमेंट और कर्मचारियों की छंटनी से जुड़े सभी निर्णय पूरी तरह इंसानों (मैनेजर्स) द्वारा लिए गए हैं, इसमें एआई की कोई भूमिका नहीं थी। हालांकि, कंपनी ने स्वीकार किया कि उसने एक एआई आधारित एम्प्लॉई मॉनिटरिंग प्रोग्राम शुरू किया था, जिसका उद्देश्य एआई मॉडल को कर्मचारियों के वास्तविक कामकाज के तरीके से ट्रेन करना था। अब कोर्ट इस मामले की जांच कर रहा है कि क्या भविष्य में छंटनी जैसे संवेदनशील फैसले इंसानों की जगह पूरी तरह तकनीक के भरोसे छोड़े जा सकते हैं या नहीं। ऐसे एक नहीं कई सवाल हैं जो कर्मचारी कर रहे हैं।

---

केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने दिखाई सी-295 एयरक्राफ्ट की झलक

## एयरक्राफ्ट निर्माण: रक्षा का सपना वड़ोदरा में ले रहा आकार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारत की रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। गुजरात के वडोदरा में स्थित टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) की अत्याधुनिक फैसिलिटी में सी-295 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का निर्माण बेहद तेजी से चल रहा है। हाल ही में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने वडोदरा फैसिलिटी का दौरा कर इन अत्याधुनिक सैन्य विमानों के निर्माण कार्य की समीक्षा की और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी एक विशेष झलक साझा की। केंद्रीय मंत्री ने इस



### भारत के लिए एक बड़ा गेम चेंजर साबित होगा

यह पूरी परियोजना भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के तहत एक बहुत बड़ा मील का पत्थर साबित हो रही है। इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यह है कि भारतीय विमानन इतिहास में यह पहली बार हो रहा है।

## अमेरिका में छात्रों व पत्रकारों के लिए भी सख्त वीजा नियम

### 15 सितंबर से बहुत कुछ बदल जाएगा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने इमिग्रेशन नियमों में एक बड़ा और सख्त बदलाव करते हुए




एफ-1 छात्र वीजा, जे-1 एक्सचेंज विजिटर और विदेशी पत्रकारों के लिए जारी होने वाले आई वीजा धारकों की अमेरिका में रहने की अधिकतम समय-सीमा चार साल तय कर दी है। इस कदम का सीधा असर लाखों भारतीय छात्रों और पेशेवरों पर पड़ने की आशंका है, जिससे उनकी चिंता काफी बढ़ गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109